

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 15 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-017 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए समिति का गठन, रंजना प्रकाश होंगी अध्यक्ष

रायपुर,15 अप्रैल। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ में यूनिफॉर्म सिविल कोड (सामान्य नागरिक संहिता) लागू करने के संबंध में यूनिफॉर्म सिविल कोड का प्रारूप तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया तथा समिति के सदस्यों के मनोनयन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया।

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण एवं पारिवारिक मामलों से संबंधित विवादों में विभिन्न धर्मों के अनुसार अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्देश दिया गया है। अलग-अलग कानूनों के कारण वैधानिक प्रक्रिया में असमानता उत्पन्न होती है, जिससे न्याय प्रक्रिया जटिल होती है। ऐसे में कानून को सरल, एकरूप और न्यायसंगत बनाने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करना आवश्यक माना जा रहा है, जिससे धार्मिक और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ में एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है, जो राज्य के नागरिकों, संगठनों एवं विशेषज्ञों से व्यापक सुझाव लेकर यूनिफॉर्म सिविल कोड का प्रारूप तैयार करेगी। यह समिति वेब पोर्टल के माध्यम से फीडबैक भी आमंत्रित कर सकती है। समिति की सिफारिशों के आधार पर तैयार प्रारूप को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत मंत्रिपरिषद से अनुमोदन के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे राज्य में एक समान और पारदर्शी नागरिक कानून व्यवस्था स्थापित हो सके।

मंत्रिपरिषद ने महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन पर लगने वाले शुल्क में 50 प्रतिशत की कमी की जाएगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके तहत उन्हें जीवनकाल में एक बार छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर 25 लाख रूपए तक की संपत्ति (भूमि/भवन) क्रय करने पर देय स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन से सेवा क्षेत्र को आबंटन हेतु स्पष्ट वैधानिक पात्रता मिलेगी। भूमि आवंटन प्रावधानों में न्यूनतम एवं अधिकतम सीमा का तार्किक सामंजस्य स्थापित होगा। लैंड बैंक भूखण्डों हेतु एप्रोच रोड का वैधानिक प्रावधान किया गया है।




छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। अब केन्द्र अथवा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम जैसे छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को रेत खदानें आरक्षित की जा सकेंगी। इससे पट्टेदार के एकाधिकार के फलस्वरूप उत्पन्न रेत की आपूर्ति-संकट में कमी आएगी तथा दुर्गम क्षेत्रों में रेत खदानों के सुगम संचालन सहित रेत की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 में व्यापक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। अब इन खदानों के अनिवार्य भाटक दर में 30 वर्षों के बाद वृद्धि की गई है। इन खदानों को व्यपगत (लैप्स) घोषित किए जाने संबंधी कठोर प्रावधानों को नियमों में शामिल किया गया है, जिसके फलस्वरूप ऐसी खदानों का संचालन अनिवार्य रूप से किये जाने की बाध्यता सुनिश्चित हो सकेगी। खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भंडारण पर कठोर दंड का प्रावधान किया गया है, जिसमें न्यूनतम जुर्माना 25 हजार रूपए निर्धारित किया गया है, जो कि 5 लाख रूपए तक भी हो सकता है। अवैध परिवहन के मामलों में सुपुर्दगी दिए जाने हेतु जमानत राशि का भी निर्धारण किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र संबंधी प्रावधान को पूरे प्रदेश में एकसमान लागू किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उत्खनन पट्टों के समामेलन, अनुबंध पश्चात भू-प्रवेश एवं पर्यावरणीय शर्तों के अनुरूप संचालन जैसे प्रावधानों को भी सुदृढ़ किया गया है, जिससे खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित दोहन और राज्य के आर्थिक सुदृढ़ीकरण को बल मिलेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा दुधारू पशु प्रदाय संबंधी पायलट प्रोजेक्ट योजना में समस्त सामाजिक वर्ग के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने संबंधी संशोधन तथा एनडीडीबी के साथ निष्पादित एमओयू की संबंधित कंडिका में संशोधन का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने हेतु आवश्यक टीकाद्रव्यों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हैदराबाद से टीकों की खरीदी किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। मंत्रिपरिषद की बैठक में एक महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके तहत मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच पेंशन दायित्वों के प्रभाजन के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए 10,536 करोड़ रूपए के आधिक्य पेंशन भुगतान की राशि की वापसी पर सहमति दी गई। बैंकों द्वारा पूर्व में हुए त्रुटिपूर्ण लेखांकन के कारण यह अतिरिक्त भुगतान हुआ था, जिसका पुनर्मिलान एवं सत्यापन संयुक्त दल द्वारा किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2,000 करोड़ रूपए की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा चुकी है तथा शेष 8,536 करोड़ रूपए की राशि आगामी 6 वार्षिक किश्तों में दी जाएगी। आगामी खरीफ सीजन हेतु उर्वरक की व्यवस्था तथा राज्य में LPG गैस की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की गई।

## सगे भाई बहनों की रहस्यमय मौत

**कोंडागांव,16 अप्रैल।** जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां महज चार घंटे के भीतर दो सगे भाई-बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीण सहमे हुए हैं।यह मामला बड़े राजपुर तहसील के ग्राम पंचायत किबड़ा का है। रविवार सुबह तीन भाई-बहनों को अचानक पेट दर्द और दस्त की शिकायत हुई। कलेश्वरी शोरी (17 वर्ष), चैतन शोरी (14 वर्ष), कुमारी चिंता शोरी (12 वर्ष) बीमार बच्चों में शामिल थे परिजनों ने शुरुआत में स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार कराने की कोशिश की, लेकिन जब बच्चों की हालत बिगड़ने लगी, तो उन्हें जिला अस्पताल ले जाने का फैसला किया गया।अस्पताल ले जाते समय रास्ते में बड़बतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रुककर इलाज की कोशिश की गई, लेकिन डॉक्टरों ने कलेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। कलेश्वरी की मृत्यु के बाद परिजन चैतन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां इलाज के दौरान कुछ ही घंटों में उसने भी दम तोड़ दिया।छोटी बहन चिंता शोरी की हालत में फिलहाल सुधार बताया जा रहा है और वह खतरे से बाहर है। एक ही परिवार के दो बच्चों की अचानक मृत्यु ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और बीमारी के कारणों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि मौत का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन शुरुआती लक्षणों को देखते हुए इसे फूड पॉइजनिंग या किसी गंभीर संक्रमण से जोड़कर देखा जा रहा है। फ़िलहाल स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच में जुट गया है

## आप सांसद मित्तल के घर ईडी का छापा

**नई दिल्ली,15 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। यह रेड पंजाब, हरियाणा और गुरुग्राम समेत करीब 8-9 स्थानों पर एक साथ की गई, जिसमें उनके बेटे से जुड़े ठिकाने भी शामिल बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी की टीमें जालंधर स्थित उनके आवास पर भी पहुंचीं, जहां से वित्तीय दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से जुड़े फंड के कथित गड़बड़ी के मामले में की जा रही है। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## कवर्धा राजपरिवार के मंदिर से 10 तोले का चांदी का मुकुट चोरी

**कवर्धा,15 अप्रैल।** कवर्धा राजपरिवार के हनुमान मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है. अज्ञात चोरों ने मंदिर से लगभग 10 तोला चांदी का मुकुट चोरी कर लिया है. मंदिर के पुजारी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. पूरा मामला कवर्धा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के फूलवारी का है. मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा पर चांदी का मुकुट लगा था. पुजारी से मिली मुकुट चोरी की सूचना पर जांच के लिए पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सुराग जुटाने में लगी है. पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कह रही है.

# वेदांता हादसा:17 शवों की पहचान

सक्ती,15 अप्रैल। सक्ती के वेदांता पॉवर प्लांट में मृतकों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है। पंक्तियों के लिखे जाने तक अब इनकी संख्या सत्रह हो गई है। इन सभी मृतकों की पहचान हो गई है।

इनमें छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के मज़दूर शामिल हैं। जिला प्रशासन के द्वारा जो सूची जारी की गई है उसमें मृत मज़दूरों का ब्यौरा है। जबकि घायलों को लेकर लिस्ट आनी अभी बाकी है। संकेत हैं कि कुछ ही देर में वह लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी। इस हादसे में मारे गए ठेका मज़दूरों को लेकर दी गई जानकारी के अनुसार अब तक सत्रह मज़दूरों की मौत हो चुकी है। इनमें - 1रितेश कुमार, सोनबरसा, भागलपुर, बिहार,2- अमृत लाल पटेल,एच एन 91 मंजहापारा डब्ल्यू एन 04, डभरा, सक्ती,3- ठंडा राम



लहरे, जमगाहन, मालखरौदा , सक्ती, 4- तरुण कुमार ओझा, रोहराबांध सिंदरी धनबाद, झारखंड5- आकिब खान पैठन दरभंगा बिहार, 6- सुसांता जाना, किस्मतबाजकुल, तेथीबारी, मिदनापुर, पश्चिम बंगाल7- अब्दुल करीम,बोका, झारखंड, 8- उधाब सिंह यादव,खरसिया, रायगढ़, छत्तीसगढ़,9-शेख सैफुद्दीन, चांपी, हल्दिया, पूर्व मिदनापुर पश्चिम बंगाल10- पप्पू कुमार, पिपरखांड, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश,11-अशोक परहिया, पलामू झारखंड12-मानस गिरी,नारायणदरी, पूर्व मिदनापुर पश्चिम बंगाल13- बृजेश कुमार पिपरखांड, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश14- रमेश्वर महिलांगे ग्राम-हर्दी, विशाल, खिरोरा, जांजगीर चांपा,15- कार्तिक महतो पुरुलिया, पिर्रा, पश्चिम बंगाल, 16- नदीम अंसारी देवरघटा फगुरम, सक्ती17- शिबनाथ मुर्मू, पुरुलिया, पिर्रा, पश्चिम बंगाल के नाम शामिल हैं। विदित हो कि यह सभी ठेका मज़दूर थे।

### वेदांता पावर प्लांट हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

वेदांता पावर प्लांट हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। कलेक्टर अमृत विकास टेप्पो ने डभरा एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त कर 30 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।



# चौधरी बिहार के नये सम्राट

**सीएम पद की ली शपथ, 20 साल बाद हुआ सत्ता में बदलाव**

**पटना,15 अप्रैल।** बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ है। सम्राट चौधरी ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। वे राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल ली है। लगभग 20 साल बाद बिहार को नया नेतृत्व मिला है। बता दें की शपथग्रहण समारोह राजधानी पटना के लोकभवन में आयोजित किया गया, जहां एनडीए के कई बड़े नेता मौजूद रहे। सम्राट चौधरी के सीएम पद की शपथ के साथ विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने डिप्टी मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा ने पहली बार अपने नेतृत्व में सरकार बनाते हुए सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है।

# पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत पर सुको की रोक

**नई दिल्ली,15 अप्रैल।** इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयन सरमा के 3 पासपोर्ट वाले मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। देश के शीर्ष न्यायालय ने तेलंगाना हाईकोर्ट के अंतरिम जमानत के फैसले पर रोक लगा दी है। असम सरकार की याचिका पर नोटिस उनको नोटिस जारी किया गया है। असम सरकार ने तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने पवन खेड़ के अंतरिम जमानत के फैसले पर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद पवन खेड़ा पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। कांग्रेस नेता को असम पुलिस कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। बता दें कि 10 अप्रैल को तेलंगाना हाई कोर्ट ने पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। जिसके बाद असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

दरअसल असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया था कि पवन खेड़ा के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर हैं और उन्हें इस तरह की राहत नहीं मिलनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। असम सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि घटना असम में हुई, एफआईआर असम में हुई तो तेलंगाना हाईकोर्ट ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत क्यों दी। तुषार मेहता ने कहा कि आधार कार्ड के मुताबिक उनकी पत्नी भी दिल्ली में रहती हैं। किसी की भी दस राज्यों में संपत्ति हो सकती है। ये एक तरह की फोरम शॉपिंग है। ये पूरी तरह प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इसमें ये भी नहीं बताया गया कि वो असम क्यों नहीं जा सकते। तुषार मेहता ने कहा कि यह बिना अधिकार क्षेत्र के एंटीसिपेटरी बेल देने का मामला है। तेलंगाना क्यों? तेलंगाना हाईकोर्ट के पास एंटीसिपेटरी बेल देने का अधिकार क्षेत्र नहीं था क्योंकि क्राइम असम में रजिस्टर्ड है। अब अदालत ने खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत वाले हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है।

# नारी शक्ति कानून को पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का समर्थन

**नईदिल्ली,15 अप्रैल।** भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण अधिनियम) के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कानून विधायी निकायों में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करके संवैधानिक ढांचे को मजबूत करेगा। पत्र में लिखा था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के ऐतिहासिक कार्यान्वयन की पहल के लिए मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन विधायी निकायों में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व और भागीदारी को सुनिश्चित करके भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। पाटिल ने कहा कि पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने समान अवसर सुनिश्चित करके महिलाओं के सशक्तिकरण का समर्थन किया। उन्होंने इस प्रयास में योगदान देने वाले सभी हितधारकों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के प्रयासों को तेज कर दिया है और इसे विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार बताया है। उन्होंने हाल ही में सदन के नेताओं को पत्र लिखकर महिला आरक्षण अधिनियम के कार्यान्वयन का समर्थन करने का अनुरोध किया। यह कदम संसद के एक महत्वपूर्ण सत्र से ठीक पहले



नारी शक्ति को पत्र लिखकर इस बहुप्रतीक्षित विधेयक पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कानून बनाने वाली संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। संसद के आगामी सत्र से पहले, मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में सभी दलों के उठाया गया है, जिसके दौरान सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह कानून से जुड़े संवैधानिक संशोधन को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।भारतीय जनता पार्टी ने दोनों सदनों में अपने सांसदों को तीन-पंक्ति का व्हिप जारी कर उनसे 16 से 18 अप्रैल तक सदन में उपस्थित रहने को कहा है।

**आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल केनोइंग में पदक की संभावना**

# छत्तीसगढ़ के नाविक बन सकते हैं ओलंपिक चैंपियन

**जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार.**

केंद्र सरकार 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन की संभावना को देखते हुए अब पूरे भारत में खेलकूद का वातावरण बनाने की कोशिश कर रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी स्वयं भारत की खेल प्रतिभाओं को चुनकर उन्हें उचित प्रशिक्षण दिये जाने के पक्षधर हैं। इसलिए उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व व मार्गदर्शन में इन दिनों भारत में खेलो इंडिया योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया बीच गेम्स, खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया विंटर गेम्स तथा अभी हाल ही में रायपुर में खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स सम्मिलित हैं। उपरोक्त खेल गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली को सौंपा गया है। जिसे सांई के पदाधिकारी बखूबी निभा रहे हैं और विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताएं सुचारू रूप या व्यक्तिगत रूप से संपन्न हो रही है।

2028 लास एंजिल्स के ओलंपिक खेलों में पहली बार 31 कोर गेम्स रखा गया है। 5 खेल को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है। कोर गेम्स में शामिल केनोइंग

पानी में पतवार,नाव व नाविक द्वारा खेला जाने वाला खेल है। इस खेल में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद हमारे राज्य की अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं और शासकीय नौकरी केंद्र या राज्यसरकार या सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थानों में पाया है .परंतु अब सुविधा के अभाव में केनोइंग खेल में फिलहाल कमी आई है। केनोइंग संघ के राज्य के प्रमुख पदाधिकारियों में से एक प्रशांत रघुवंशी राष्ट्रीय स्तर के केनोइंग संघ में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे इस खेल का अभ्यास कभी जगदलपुर कभी रायपुर में नियमित रूप से करवाते हैं।

वास्तव में केनोइंग एक ऐसा खेल है जिसकी स्पर्धा झील, बड़े बांध, नदी या नहर में आसानी से आयोजित की जा सकती है। इस खेल में केनोई स्प्रिंट के 10 इवेंट तथा सलालोम के 06 इवेंट होते हैं। स्प्रिंट इवेंट के अंतर्गत सी-1,1000 मीटर के नाव के दौड़ होते हैं।जिसमें एक व्यक्ति,एक नाव में एक पतवार लेकर अपनी नाव को अकेले 1000 मीटर की दूरी तक ले जाता है जो व्यक्ति पहले 1000मीटर की लाइन पार करता है वह विजेता होता है। उसे स्वर्ण, दूसरे स्थान पर आने वाले को रजत और तीसरे स्थान पर आने वाले को कांस्य पदक मिलता है। इसी तरह स्प्रिंट इवेंट के अंतर्गत सी-2,500 मी. कयाक के -1 में 1000 मीटर. के-2,500 मीटर फिर के- 4 याने 4 नाविक एक ही अलग-अलग पतवार से नौका चलाते हैं और हार जीत होती है

इसी तरह सलालोम में कयाक क्रास में 4 नाविक 4 पतवार के: साथ एक नाव में होते हैं। इस तरह महिला व पुरुष नाविक 8 स्वर्ण, 8 रजत, 8 कांस्य कुल16 स्वर्ण,16 रजत,16 कांस्य पदक दांव पर होते हैं। छत्तीसगढ़ में न तो बांध, ना ही नदी की कमी है। जहां पर कोनोइंग खेल सीखा नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ भारत में ऐसे नाविकों की भी कमी नहीं है। जो नदी नालों या बांध को रोजाना पार करते हैं। इस खेल के बारे में छत्तीसगढ़ भारत के युवा नाविकों, पानी से न डरने वाले लोगों रोज नदी, नाले पार करके स्कूल या ड्यूटी में जाने वालों को बताना, समझाना जरूरी है। इससे ये नाविक छत्तीसगढ़ के साथ ही साथ भारत की तरफ से भाग लेते हुए ओलंपिक खेलों में पदक जीत सकते हैं। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस केनोइंग खेल में योग्यता हासिल करने वाले देशों की संख्या ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे 206 देशों में से सिर्फ 58 देश अर्थात कुल 48 पदक के लिए सिर्फ 58 देश के नाविक मुकाबला करते हैं। और करीब 90%पदक यूरोप के नाविक ले जाते हैं. अतः 2036 के ओलंपिक खेलों को देखते हुए केनोइंग पर विशेष ध्यान देना होगा।इस आलेख को गंभीरता से लेकर तैयारी की जाएगी तो इसमें कोई शक नहीं कि छत्तीसगढ़ के नाविक ओलंपिक पदक भारत के लिए जीतकर लाएंगे

## कबीरधाम-बेमेतरा में जमीन के नीचे खनिज भंडार की तलाश

**कवर्धा-बेमेतरा, 15 अप्रैल.**कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में जमीन के नीचे छिपे प्राकृतिक संसाधनों की पहचान के लिए बड़े स्तर पर भूभौतिक सर्वेक्षण शुरू किया गया है। 2डी भूभौतिक डेटा सर्वेक्षण तकनीक के जरिए तेल, गैस और खनिज भंडारों की प्रारंभिक पहचान की जा रही है। सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञ टीम दामापुर क्षेत्र में पहुंच चुकी है।

टीम ने सेमसकोना, निगहरा, अतरिया और टाटा कांसा गांव में लगभग 60 फीट तक खुदाई कर जमीन के भीतर से सैंपल एकत्र किए हैं। इन सभी सैंपल को विस्तृत जांच और विश्लेषण के लिए देहरादून स्थित प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इस सर्वेक्षण का मुख्य लक्ष्य जमीन के नीचे की भूगर्भीय संरचनाओं का मानचित्रण करना है। इससे भूमिगत परतों, फॉल्ट सिस्टम और बड़ी तलछटी घाटियों जैसी प्रमुख संरचनाओं की सटीक जानकारी मिलेगी, जिससे तेल, गैस या खनिजों की मौजूदगी का पता लगाया जा सकेगा। सर्वे टीम के अनुसार डेटा संग्रह, प्रसंस्करण और प्रारंभिक परामर्श की प्रक्रिया तेज है और पर्यावरण मानकों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# सर्व ब्राह्मण समाज बैठक में निर्णय परशुराम जयंती 19 अप्रैल को मनाई जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 15 अप्रैल।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सेक्टर-6 स्थित जगन्नाथ मंदिर सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भिलाई नगर इकाई के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि भगवान परशुराम जयंती 19 अप्रैल को सेक्टर-6 स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में मनाई जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 11 बजे से भगवान श्री परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ होगी, जिसके पश्चात भोग-भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अरुण पंडा, विनोद उपाध्याय, मुकुंद अवधूत, प्रकाश दास, अमरेश पढ़ी, उर्मिला उपाध्याय, संध्या मंडलोई, रविंद्र साहू, प्रवीण मार्डिकर, राधाकांत पांडे, राघवेंद्र पाठक, पंकज पाठक, गजेंद्र पंडा, शीतल दुबे, लक्ष्मीनारायण विश्वा, शरद दुबे, संजय शर्मा, श्रीराम कुलकर्णी, डॉ. अरुण शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, रविंद्र तशाही, सीमा तिवारी, कमलेश मंडलोई, सूर्यकांत पांडे और प्रमोद कुमार शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विनोद उपाध्याय द्वारा किया गया।



## गोपाल ने पौधरोपण के लिए गड्ढा खोदने प्रदान की ड्रीलिंग मशीन

**उतई, 15 अप्रैल।** जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति गोपाल यादव ने डुन्डेरा में पौधरोपण करने वाले हितवा संगवारी संस्था के युवाओं को गड्ढा खोदने के लिए ड्रीलिंग मशीन प्रदान किया उन्होंने आज डुन्डेरा नर्सरी पहुंचकर उक्त ड्रीलिंग मशीन की पूजा अर्चना कर इसे पौधरोपण कार्य के लिए समर्पित किया साथ ही मशीन से खोदे गए पहले गड्ढे में उन्होंने खुद हितवा संगवारी संस्था के युवाओं के साथ पौधरोपण किया इस दौरान संस्था के रोमशंकर यादव, राजेश चंद्राकर, हरीश साहू, प्रेम नारायण वर्मा , गुलशन कुमार देशमुख, राजकुमार सारथी, टिकेश्वर सार्वा, भरत चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण संरक्षण कार्य से जुड़े ग्रामीण मौजूद थे ।

# छग महार महरा समाज ने उतई थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 15 अप्रैल।** नगर पंचायत उतई के बंजारी पारा में हुए 5 वर्ष की अबोध बालिका का शोषण एवं हत्या के प्रयास जैसे सघन्य अपराध के विरुद्ध आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने जिला ईकाई ने मांग रखी।

आरोपी को फांसी की सजा दी जाए एवं उनके घर में बुलडोजर चलाने मांग की गई। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दुर्ग शुभम सिंह बमभोले, जिला बालोद दिनेश मेश्राम, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील बम्बोड़े, युवा प्रकोष्ठ दिगेश्वर अंगारे, जिला सचिव शशि अग्रवाल, धनराज सोनवानी, मूलचंद चोपड़िया, जितेंद्र मेश्राम

पऊवारा अध्यक्ष हरीश पटेल, भिलाई अध्यक्ष मनोज कामड़े, सुरेंद्र कामड़े, पीयूष सिंह, नीरज कामड़े, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उतई विमला कामड़े, अनिता कौशिक, लता अंगारे, लीला अग्रवाल, भुनेश्वरी अग्रवाल, ममता महार एवं समाज प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण, सदस्य मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष जी बिलासपुर प्रवास होने के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

## एक नजर

### गांजा सहित दो लोग गिरफ्तार

**भिलाई, 15 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई जामगांव आर थाने पुलिस ने 1.25 लाख रुपए के गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 2.500 किलोग्राम गांजा एवं बिक्री रकम जब्त किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि थाना जामगांव आर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बटरेल स्थित राजा तालाब, शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी ताराचंद देवांगन को पकड़ा। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखा 2.500 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग 1,25,000) एवं बिक्री रकम 1,300 जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा देवानंद सोनवानी से खरीदना बताया गया। तत्पश्चात आरोपी देवानंद सोनवानी की तलाश कर उसे भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### भखारा ब्लाक कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



**अंवरी,15 अप्रैल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा बनाए गए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजू साहू, डोमार साहू ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू, जिला सचिव बिसौहा साहू, प्रभारी महामंत्री लेखरामयादव ,मनोज ,मुकेश साहू, समीर गौर, डॉ हरदेल, सोमनाथ, सौरभ पाल ,आदित्य बघेल ,दिनेश यादव ,मयंक कोसरे ,देवेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर विधिक जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**दुर्ग, 15 अप्रैल।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा न्यायालय परिसर में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके संघर्षमय जीवन एवं भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करने में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं तथा प्रत्येक नागरिक को उनके आदर्शों को आत्मसात कर न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में योगदान देना चाहिए।

इस शुभ अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा एक विशेष विधिक जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत आमजन को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने हेतु प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स को जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रवाना किया गया।आयोजित विधिक साक्षरता शिविरों में पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा आम नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, नेशनल लोक अदालत, महिला एवं बाल संरक्षण, श्रमिक अधिकार, तथा सामाजिक न्याय से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही आम नागरिकों को उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु उपलब्ध कानूनी उपायों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, आपराधिक मामलों में अधिकार, जमानत प्रक्रिया, विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा दुर्ग, नयापारा, राजीवनगर, विद्यानगर, पंचशील नगर रिसाली, चांदनी चौक धनोरा, कोड़िया, हनोदा, कोकड़ी, हरदी, नंदिनी, चिंगरी, खुड़सुल, सिलोदा आदि स्थानों पर विधिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# अंबेडकर जयंती पर राज्य स्तरीय मेला महोत्सव का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 अप्रैल।** डॉ. अंबेडकर प्रतिमा प्रबंध समिति पावर हाउस द्वारा राज्य स्तरीय जयंती मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक रिकेश सेन, तुलसी साहू, शंकर लाल देवांगन, प्रेमचंद अरुण बौद्ध सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। अपने संबोधन में सांसद विजय बघेल ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान देश की एकता और अखंडता का आधार है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती हम सभी के लिए गर्व का विषय है। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को एक सूत्र में बांधकर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए। उन्होंने संविधान के मूल्यों के संरक्षण और सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया एवं भारतीय बौद्ध महासभा, संस्थापक बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर बुद्ध विहार, सेक्टर-6 के तत्वावधान में 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक देवेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन, अपेक्स बैंक के एमडी के.एन. कांडे, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं इंद्रजीत सिंह छोटू सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने समाज को जोड़ने का कार्य किया और संविधान के माध्यम से देश को एकता के सूत्र में बांधा। कार्यक्रम में एस.आर. कांडे, एस.डी. कावरे, संजय गजघाटे, सुनील रामटेके, मधुकर जाम्बुलकर, हर्ष मेश्राम, विनोद वासनिक, उदय धाबर्डे, संजय बागडे, सी.एल. महेश्वरी, भोजराज गौरखेडे, राजेश वंजारी, प्रज्ञा कांडे, अशोक ढवले, प्रेरणा कठाने, प्रतिमा बंसोड, सुजाता भगत, जय श्री बौद्ध, मीना नारनवरे सहित अनेक समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में एस.आर. कांडे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष भोजराज गौरखेडे, बेनीराम गायकवाड़, नीलकंठ सिघांडे, संजय शेन्द्रे, सुरेश वैध, प्रकाश कांडे, महेंद्र वाघमारे सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### उतई मंडल भाजपाइयों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 15 अप्रैल ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत डूमरडीह के पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से,उतई मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर,महामंत्री प्रवीण यदु, चंदू देवांगन,उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू,भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा उतई मंडल प्रभारी श्वेता यादव,जिला मंत्री हर्ष चंदेल,डूमरडीह सरपंच धर्मेंद्र बंजारे,पार्षद लक्ष्मीनारायण साहू,सोनू राजपूत,फत्तेलाल वर्मा,फलेंद्र सिंह राजपूत,करण सेन शुभम वर्मा,घनश्याम चंद्राकर,विमला कामड़े,मोतिम ठाकुर,वैभव देवांगन,राकेश देवांगन,कांति साहू,एकता चंद्राकर,डोमार साहू, छबिलाल साहू,राहुल यादव,बसंत सोनवानी,सूर्यकांत टंडन,शोभाराम डहारे,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से सशक्त होगा लोकतंत्र:बंछोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल, 15 अप्रैल।** महिलाओं को लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है। किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को संवैधानिक मान्यता देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति निर्माण की प्रक्रिया अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगी, जिससे समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं को बेहतर अभिव्यक्ति मिल सकेगी। रेखराम बंछोर ने कहा कि देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका देना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे और वे शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा सकेंगी। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए देशभर की माताओं-बहनों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की तस्वीर बदलने का सामर्थ्य रखती है और नई पीढ़ी की बेटियों को सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### जोरातराई में बाबा साहेब की जयंती मनाई

**अंवरी,12 अप्रैल।** ग्राम जोरातराई अ में संविधान निर्माता, समाज सुधारक, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्म जयंती मनाया गया द्य इस अवसर पर पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष व सरपंच, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, राम जी तारक बूथ अध्यक्ष,संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, बंसीलाल साहू, पंचम पाल, प्रकाश तारक हाई स्कूल अध्यक्ष,हरिश्चंद्र तारक, मनीष पाल, घनश्याम यादव, दुर्गेश यदु ,प्यारे तारक पंच,बालमुकुंद साहू पंच, देवनारायण साहू पंच, तोरण कुर्रे, राकेश तारक, कमल तारक आदि उपस्थित थे ।




### शिक्षा की शक्ति से हर लक्ष्य को प्राप्त करना संभव : प्रणव शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 15 अप्रैल (तछसं.)।** ग्राम गभरा में सतनाम युवा संगठन के तत्वाधान में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई । जनपद सभापति प्रणव शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिनाइयाँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अगर हमारे पास दृढ़ संकल्प और शिक्षा की शक्ति है, तो हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उनका प्रसिद्ध नारा – ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो÷ – आज भी हमें प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी जी, पूर्व मुख्यमंत्री ह्रस्ठ आशीष वर्मा जी, सरपंच कमलेश ठाकुर जी, उप सरपंच अंकित आडिल, रमेश कुर्रे और सतनाम युवा संगठन के नीतीश कुर्रे समेत समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# डॉ.अंबेडकर सामाजिक समरसता,समानता के मार्गदर्शक:महापात्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को महात्मा गांधी कला मंदिर में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन औद्योगिक संबंध विभाग एवं बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम से पूर्व निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेक्टर-6 स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अपने संबोधन में महापात्र ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक समरसता और समानता का मार्गदर्शक बताते हुए उनके योगदानों को स्मरण किया तथा शिक्षा, परिश्रम और दृढ़ता के उनके संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नया सवेरा स्मारिका का विमोचन किया गया तथा समाज में योगदान के लिए अशोक कमाली एवं कमल टंडन को भीमराव अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही बीएसपी स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।




### ग्राम पंचायत सांकरा में मनाई गई भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 15 अप्रैल ।** सरपंच रवि सिगौर ने बाबा जी के लिखे संविधान का वाचन किया साथ ही उनके आदर्शों को पालन करने की अपील की और उनके प्रसिद्ध नारा शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो को लोगों को पड़ कर सुनाया।इस अवसर पर सरपंच रवि सिंगौर उपसरपंच रामशरण बंधे सचिव ईश्वर निषाद दिलेश्वर सिंगौर कृष्णा सिंगौर घनश्याम चंद्राकर पुनीत पटेल गिरीराज सिन्हा विकास सिंगौर संजय डहरीया सहित अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# अग्निशमन सेवा दिवस पर उत्कृष्ट सेवा के लिए भोमेश व गुलशन सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर परेड की सलामी ली। अग्निशमन विभाग द्वारा परेड, आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन तथा विभिन्न अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के सजीव अभ्यास प्रस्तुत किए गए। इस दौरान गोदाम, एलपीजी, पेट्रोकेमिकल आग सहित कई स्थितियों से निपटने की जानकारी दी गई। उत्कृष्ट सेवा के लिए भीमेश कुमार पांडेय एवं गुलशन कोठारी को सर्वश्रेष्ठ फायरमैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महापात्र ने अग्नि सुरक्षा को औद्योगिक कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी से सुरक्षा मानकों का पालन करने का आह्वान किया।

### आंबेडकर जयंती पर कांडे का सम्मान



**भिलाई, 15 अप्रैल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर अपेक्स बैंक के एमडी के.एन. कांडे ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी के.एन. कांडे को बधाई दी तथा गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया।

### पीलिया प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य अमला मुस्तैद

**दुर्ग, 15 अप्रैल ।** वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 14 अप्रैल 2026 को डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशन में एवं डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व श्रीमती रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग श्री विजय सेजुले, सुपरवाईजर, श्री हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। सेक्टर-07, स्ट्रीट-37ए भिलाई में पीलिया ग्रस्त होने के कारण लक्षण पाये गये मरीजों का रक्त नमूना लिया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी से प्राप्त जानकारी अनुसार आज प्रभावित क्षेत्र में 01 पीलिया से ग्रसित नए मरीज पहचान किये। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में आज दिनांक तक कुल 37 पीलिया के मरीज़ मिले। जिनमें 01 पुराने मरीज डिस्चार्ज हुए। इस प्रकार भर्ती मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस भिलाई में 03, पल्स हास्पीटल, भिलाई-1 में 01 उपचाररत है।




### रूद्र सेना ने किया सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**भिलाई, 15 अप्रैल (तछसं)।** समाजसेवी संजय शर्मा के संयोजकत्व में रूद्र सेना द्वारा सेक्टर-6 में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्याऊ की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

# बाबा साहेब के संविधान ने ही हमें जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा का अधिकार दिया: सांसद बृजमोहन

■ टिकरापारा बालक हॉस्टल में भाजयुमो के 'समरसता भोज' में शामिल हुए सांसद, युवाओं के साथ किया संवाद




रायपुर 15 अप्रैल। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया।

समरसता भोजः जातिगत भेदभाव मिटाने की पहल

सांसद श्री अग्रवाल भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा टिकरापारा स्थित बालक छात्रावास में आयोजित 'समरसता भोज' में शामिल हुए। यहाँ उन्होंने युवाओं के साथ बैठकर भोजन किया और उनसे सीधा संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने समाज में एकता और समानता का संदेश देते हुए कहा कि , ÷आज भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर जी की जयंती है और बाबासाहेब अंबेडकर जी ने पूरे देश में एकरूपता, समरूपता और समरसता का संदेश दिया था कि हमारे संविधान में कोई छोटा नहीं है, कोई बड़ा नहीं है, सब बराबर हैं और सबको एक वोट का अधिकार दिया था। और इसलिए आज भी कहीं न कहीं थोड़ा बहुत लोगों में भेदभाव या जातिगत भावना है, उसको दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया कि 'समरसता भोज' का आयोजन ऐसे स्थानों पर करेंगे और उसके माध्यम से एक समरसता का संदेश देंगे। और उसी के तहत आज यह टिकरापारा स्ष्ट छात्रावास में हमारे भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा में अर्पित सूर्यवंशी जी, उनके नेतृत्व में समरसता भोज का आयोजन किया गया और मेरा सौभाग्य है कि उसमें मुझे भी शामिल होने का अवसर मिला।÷

प्रतिमा अनावरणः नई पीढ़ी के लिए प्रेरणापुंज

इसके पश्चात, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर के कचहरी चौक पहुंचे, जहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के साथ छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी, 21 फीट ऊँची बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि रायपुर के हृदय स्थल में स्थापित यह विशाल प्रतिमा हमारी नई पीढ़ी को सदैव बाबा साहेब के संघर्षों और उनके महान आदर्शों की याद दिलाती रहेगी।

उन्होंने कहा कि ,बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हमें वह शक्ति और अधिकार दिए हैं, जिसके कारण आज हम लोकतंत्र के इस मंच पर जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा कर पा रहे हैं। यदि बाबा साहेब और उनका दिया संविधान न होता, तो शायद हम आज सांसद, मंत्री या विधायक के रूप में यहाँ उपस्थित न होते। कार्यक्रम में भाजयुमो के पदाधिकारी, भारी संख्या में छात्र एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहेब के जयकारों के साथ समरस समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# नारी शक्ति की भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र: मुख्यमंत्री साय

रायपुर, 15 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों, विधानसभा सदस्यों तथा महिला संगठनों को पत्र लिखकर सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने 16 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण और निर्णायक क्षण बताते हुए कहा है कि यह मातृशक्ति को लोकतांत्रिक संस्थाओं में समुचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सांसदों को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अवसर है। वर्ष 2023 में संसद द्वारा इस अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित किए जाने को लोकतंत्र की एकजुटता और महिला सशक्तीकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सांसदों से आग्रह किया कि वे वर्ष 2029 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों से पूर्व इस



अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने के विषय में सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि मातृशक्ति को उनका समुचित अधिकार शीघ्र प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के सभी विधायकों को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'मातृशक्ति के नेतृत्व में सशक्तीकरण' का यह अभियान देश के समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से अपेक्षा की कि है कि वे महिला आरक्षण के समर्थन में छत्तीसगढ़ की आवाज को सशक्त करें तथा इस विषय पर होने वाली चर्चा में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सकारात्मक वातावरण के निर्माण में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला संगठनों को लिखे अपने पत्र में महिला संगठनों के निरंतर प्रयासों और योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने उल्लेख किया कि 16 अप्रैल को संसद में होने वाली चर्चा केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों से पूर्ण रूप से सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। साथ ही यह लोकतंत्र को और अधिक समावेशी एवं संवेदनशील बनाने का अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने उल्लेख किया कि यह सुखद संयोग है कि यह महत्वपूर्ण चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब छत्तीसगढ़ में 'महतारी गौरव वर्ष' मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सदैव महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी इसका प्रमाण है। स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किए जाने तथा 'महतारी वंदन योजना' और 'रानी दुर्गावती योजना' जैसी पहल के सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने महिला संगठनों से आह्वान किया कि वे 16 अप्रैल को होने वाली इस ऐतिहासिक पहल के समर्थन में अपने-अपने मंचों से मुखर होकर आवाज बुलंद करें, ताकि महिला आरक्षण के पक्ष में देशव्यापी सकारात्मक वातावरण तैयार हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला संगठन केवल इस परिवर्तन के साक्षी ही नहीं, बल्कि इसके निर्माण में भागीदार भी बनेंगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और महिला संगठनों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर एकजुट होकर महिला आरक्षण के समर्थन में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें और संसदीय चर्चा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से यह पहल न केवल सफल होगी बल्कि देश के लोकतंत्र के सशक्तीकरण की दिशा में एक नए युग की शुरुआत करेगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 18 अप्रैल को निकलेगी बाइक रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 15 अप्रैल। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 18 अप्रैल को शहर में भव्य ब्रह्मगर्जना वृहत बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके लिए रामायण प्रचारक समिति परिसर में शनिवार शाम बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में रैली के रूट और आयोजन की रूपरेखा तय की गई। आयोजन ब्राह्मण नवयुवक मंडल द्वारा किया जा रहा है। बैठक में रैली की व्यवस्था, सुरक्षा और अनुशासन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी जिम्मेदारियां अलग-अलग सदस्यों को सौंपी गई हैं, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। आयोजकों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाइक रैली 18 अप्रैल को शाम 5 बजे रामायण प्रचारक समिति, ब्राह्मणपारा से प्रारंभ होगी। रैली गांधी चौक, दिग्विजय चौक, दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना चौक, सदर लाइन, भारत माता चौक, गंज चौक, लोहार पारा, काली माई मंदिर चौक,



रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, कामठी लाइन, शनि मंदिर, गायत्री मंदिर चौक, भगत सिंह चौक, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक होते हुए पुनः गांधी चौक में समाप्त होगी। आयोजकों ने बताया कि रैली के बाद पूजा-अर्चना और प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में पीलू शर्मा, आलोक तिवारी, अनीश तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, अखिल चौबे, कौशल शर्मा, महेंद्र शुक्ला, जुगल अटिका, गौरव पंचोली, नितिन शुक्ला, शिवांशु तिवारी, राहुल मिश्रा, मिनेश मिश्रा, बोधन शुक्ला, सौरभ तिवारी, जय किशन शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, अशोक तिवारी, वैभव शुक्ला, सागर तिवारी और प्रतीक तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कई वार्डों की मतदाता सूची में मतदाता संख्या कम:रूपेश दुबे

राजनांदगांव 15 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने अपने जन्मभूमि घुमका के नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची के बाद प्रमाणित आरोप लगाते हुए कहा कि घुमका में शराब दुकान के लिए जिस तल्लीनता से प्रशासन ने साजिश रची उसके विपरीत नगर पंचायत के निर्वाचन के लिए ना तो परिसीमन में और ना ही स्वच्छ मतदाता सूची के लिए कार्य किया और तो और प्रारंभिक मतदाता सूची में प्रशासन ने नगर पंचायत घुमका को नगर पालिका दर्शाकर मतदाता सूची प्रकाशित कराकर चुनाव ना कराने की फिर से साजिश उजागर किया है । प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने सीधे तौर पर आरोप लगाते हुए कहा अमीबा पैरामीशियम की तर्ज पर की गई परिसीमन मतदाता सूची में मतदाताओ की असमान संख्या से स्पष्ट उजागर हो गया है एक तरफनिर्वाचन आयोग मतदाताओं की



संख्या को लगभग हर बूथ वार्ड में बराबर करने पर जोर देकर कार्य कर रही है वहीं घुमका नगर पंचायत चुनाव के लिए बनाए गए मतदाता सूची में कुल 3197 मतदाता होने से 15 वार्डो में 213 मतदाता के अनुपात में परिसीमन मतदाता सूची तैयार की जानी थी जिसमें 12 से 15 मतदाता ऊपर नीचे हो सकते थे किंतु 6 वार्ड क्र 3 में 114 वार्ड 6 में 126 वार्ड क्र 7 में 153 वार्ड क्र 10 में 116 वार्ड क्र 11 में 167 वार्ड क्र 12 में 128 वहीं 7 वार्ड में 200 से 288 तो दो वार्डो में 300 से अधिक मतदाता रख कर अपनी लोकतंत्र के प्रति असजगता के साथ आयोग की समान मतदाता वाली मंशा को ध्वस्त करने का संकल्प प्रमाणित किया है।

अंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर एवं वार्डों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर

# महापौर ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 15 अप्रैल। अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेड परिसर सहित विभिन्न वार्डो में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव शामिल होकर बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शो पर चलने की अपील की। साथ ही महापौर द्वारा आम्बेडकर जंयती के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आयोजित जुलूस का स्वागत कर अंबेडकर अनुयायियो को जयंती की बधाई दी। आंबेडकर जयंती के अवसर पर महापौर श्री यादव शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो मे शामिल हो कर अंबेडकर अनुयायियों को जयंती की बधाई दी। सुबह कलेक्ट्रेड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शमिल होकर पूर्व मंत्री श्री धनेश पटिला, समाज के अध्यक्ष श्री दीपांकर खोब्रागढ़े के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, शैकी बग्गा,डिलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा व श्री हेमंत शेखर यादव, पार्षद सर्वश्री मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, रवि सिन्हा, श्रीमती अमृता सिन्हा,श्रीमती गिरजा निर्मलकर, पूर्व पार्षद श्री विजय राय व श्री शरद सिन्हा, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव, श्री पंकज कुरंजेकर व संतोष निर्मलकर की उपस्थिति में समाज को जयंती की शुभकामना देते हुये बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने की अपील की। महापौर श्री यादव ने कहा कि बाबा साहेब संविधान के निर्माता थे, जिसमें हमारे अधिकारों व कर्तव्यों का उल्लेख है। संविधान हमे समाजिक, आर्थिक और राजनितिक समानता का अवसर देता है। उन्होंने समाज में जात पात के भेद भाव के विरूद्ध अभियान चलाया तथा दलितों को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सबके सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप में किया जावेगा। महापौर श्री यादव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेड परिसर के अलावा भरकापारा, राहुल नगर, राजीव नगर सहित वार्डो में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहेब के बताये मार्गो पर चलने की अपील की, वही उन्होंने शहर मे विभिन्न क्षेत्रों से आयोजित रैली में शामिल होकर जयंती की बधाई दी।

## एक नजर

### ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव 15 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री एलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों एवं धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली को साइबर धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। प्रार्थी निरीक्षक रामेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 381/2025 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बी.एन.एस. कायम किया गया था। विवेचना के दौरान यह पाया गया कि आरोपी द्वारा फर्जी बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) और सिम कार्ड का उपयोग कर ऑनलाइन अवैध लेन-देन किया जा रहा था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी कृष्ण सोनकर से प्राप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बालाघाट (म.प्र.) में दबिश दी। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नग मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है।



### सीबीजी संयंत्र की स्थापना के लिए नगर पालिक निगम राजनांदगांव, सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

राजनांदगांव 15 अप्रैल। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज स्पीकर हाऊस रायपुर में सीबीजी संयंत्र की स्थापना के लिए नगर पालिक निगम राजनांदगांव, सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट (सीए) पर हस्ताक्षर किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम बोईरडीह में बीपीसीएल द्वारा स्वयं के निवेश से सीबीजी संयंत्र की स्थापना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री श्री अरूण साव की उपस्थिति में सतत योजना के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापना हेतु सीबीडीए, बीपीसीएल के साथ त्रिपक्षीय एमओयू निष्पादित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में सतत योजना अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं अधिशेष बायोमास से जैव ईंधन जैसे कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुये छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) द्वारा निरंतर प्रयास के फ्लस्वरूप भारत सरकार का उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव में 100-150 टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं बायोमास आधारित कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी। सीबीजी संयंत्र की स्थापना होने से नगर पालिक निगम राजनांदगांव जिले के आसपास के निकायों से लगभग 100-150 मिट्रिक टन प्रतिदिन अधिशेष बायोमास एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट के उपयोग से लगभग 12-15 मिट्रिक टन प्रतिदिन जैव ईंधन उत्पादन में किया जाएगा। भारत सरकार की मंशानुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराया जा रहा है।
राजनांदगांव जिले में सिटी गैस वितरण योजना के तहत बिछाये जा रहे प्राकृतिक गैस पाईप लाईन में सिटी गैस स्टेशन के माध्यम से सीबीजी का सम्मिश्रण किया जायेगा। इस संयंत्र में लगभग 100 करोड़ रूपए का निवेश शत-प्रतिशत बीपीसीएल द्वारा किया जाएगा। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे। संयंत्र निर्माण के दौरान भी व्यापक पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र में पूर्ण क्षमता के उत्पादन एवं विक्रय होने पर प्रतिवर्ष लगभग राशि 1 करोड़ का जीएसटी प्राप्त होगा। संयंत्र में सह उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। संयंत्र की स्थापना से ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में कमी आयेगी तथा पर्यावरण स्वच्छ होगा। सीबीजी के उपयोग से राज्य नेट जीरो ईमिसन प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होगा। त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसुदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए श्री सुमित सरकार, कार्यपालिक निदेशक बीपीसीएल श्री अनुराग सरावगी सहित सीबीडीए एवं बीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### टोयोटा ने रायपुर में नई डीलरशिप 'पाटनी टोयोटा' शुरू की

रायपुर 15 अप्रैल। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रायपुर में अपनी नई डीलरशिप 'पाटनी टोयोटा' का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सचिन शर्मा, विनय कुमार और उमेश पाटनी मौजूद रहे। करीब 1 लाख वर्गफुट में फैली यह डीलरशिप 3S (सेल्स, सर्विस और स्पेयर) सुविधाओं से लैस है और ग्राहकों को वन-स्टॉप समाधान देगी। यहां 'टोयोटा यू-ट्रस्ट' के जरिए पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री और एक्सचेंज की सुविधा भी मिलेगी। कंपनी का कहना है कि इस नई डीलरशिप से रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में ग्राहकों तक पहुंच और सेवा और मजबूत होगी।

# नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख की ठगी

■ एस.पी. अंकिता शर्मा के पास दंपती की शिकायत के बाद पुलिस की कार्रवाई

डोंगरगढ़ 15 अप्रैल। सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगो द्वारा आम लोगो को अपना शिकार बनाने का व्यापार बड़ी तेजी से फ्ल फूल रहा है और लोग झांसे में आकर अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई लुटा कर पुलिस में शिकायत कर रहे हैं परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होता देख अपनी पीड़ा जिले की दबंग एस.पी अंकिता शर्मा के पास पहुंचने को मजबूर है। नौकरी के नाम पर जालसाजी कर लाखों रु ठगी करने मामले में एक और जालसाज के नाम से पुलिस में आवेदिका श्रीमती ललिता सिंह पति प्रमोद कुमार पुर्ती, उम्र 33 वर्ष, निवासी बगदई पारा वार्ड क्रमांक 01, ग्राम अछोली, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा थाना डोंगरगढ़ में 2 माह पूर्व लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि नवंबर 2025 में आरोपी आशीष पुर्ती एवं एक अन्य व्यक्ति काली राम पार्कर, निवासी जिला दुर्ग, द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में काउंसलर के पद




पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4 लाख रुपये की मांग की गई, जिसमें से 2 लाख रुपये एडवांस के रूप में ले लिया गया। लेकिन आरोपी द्वारा न तो नौकरी लगवाई गई और न ही रकम वापस की गई। जिस पर पुलिस द्वारा विवेचना में लेकर आरोपी के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही ना कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा था जिसकी भनक पीड़ित दंपती को लगते ही इसकी शिकायत जिले की दबंग एस पी अंकिता शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई जिसके बाद पुलिस तत्काल एक्शन मोड आते हुए रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी आशीष पुर्ती पिता फ्रैंकलिन पुर्ती, उम्र 43 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 04, अंश होटल के पीछे, डोंगरगढ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल की हवा खाने भेज दिया गया।

# जयंती पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 15 अप्रैल। संविधान निर्माता भारत रत्न, डॉ.भीमराव अम्बेडकर क़ी जयंती जिले में मनाई गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अधिकारियों ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर क़ी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर महात्मा गांधी, छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद वीर नारायण सिंह क़ी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को अम्बेडकर जयंती के रूप में जाना जाता है।जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉ.अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर ए.आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, एसडीएम प्रकाश कोरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी -कर्मचारी उपस्थ‍ि थे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले गिरफ्तार

बलौदाबाजार 15 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 14.04.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा रिसदा रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?6000 कीमत मूल्य का 60 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



# २१ घंटे की बैठक का कोई नतीजा निकलना ही नहीं था

अमरीका व ईरान के लड़कर थकने के बाद अस्थायी युध्दविराम हुआ है, इसका समय २१ अप्रैल को समाप्त होना है। इससे पहले अमरीका व ईरान के नेताओं के बीच बातचीत तो शुरू होनी ही थी क्योंकि अगर बातचीत नहीं होती तो सवाल उठता कि दोनों को जब बातचीत नहीं करनी थी तो दोनों ने युध्दविराम क्यों किया। युध्दविराम के बाद दोनों देश दुनिया को यह बताना चाहते थे कि अब हम युध्द नहीं करना चाहते हैं, हम शांति चाहते हैं लेकिन शांति तो तब ही हो सकती है जब दोनों देश बिना शर्तों के बात करें। दोनों देशों ने तो बातचीत करने के पहले ही शर्ते रख दीं कि हमारी यह शर्तें मानी जाएंगी तो हम शांति के लिए तैयार हैं। ईरान ने दस शर्तें रखी हैं तो अमरीका ने भी कई शर्तें रखी हैं। दोनों देश खुद को युद्ध में जीता हुआ मान रहे हैं और वैसी बयानबाजी भी कर रहे हैं कि युध्द मे तो हम विजयी हुए हैं। दोनों खुद को विजयी मान रहे हैं इसलिए एक दूसरे के लिए ऐसी शर्तें रख रहे हैं कि सामने वाला उन शर्तों को स्वीकार नहीं कर सकता। अमरीका चाहता है कि ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम बंद कर देश होर्मूज स्ट्रेट को पहले की तरह खुला रहने दे,मिसाइल कार्यक्रम सीमित रखे।वहीं ईरान चाहता है कि जब अमरीका वार्ता की टेबल पर आ गया है और वह शांति चाहता है तो उससे ऐसी शर्ते मनवाने का प्रयास क्यों न किया जाए जो वह सामान्य स्थिति में कभी नहीं मानता। यही वजह है कि ईरान शर्ते रखी हैं कि होर्मूज स्ट्रेट पर उसका नियंत्रण रहे,जबकि अमरीका अब दोनों के नियंत्रण के पक्ष में है। ईरान शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम जारी रखना चाहता है जबकि अमरीका चाहता है कि ईरान परमाणु कार्यक्रम बंद कर दे।ईरान चाहता है कि अमरीका ने उस पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, वह हटाए,उसकी १५ लाख करोड़ रुपए की संपत्ति पर फ्रीज हटाए।ट्रंप ने ऐसा किया नहीं है लेकिन ईरान को एक माह तेल बेचने की छूट दी है।ईरान चाहता है कि अमरीका व इजराइल भविष्य में उस पर हमला न करने की गारंटी दे।खाड़ी के देशों मे जहां अमरीका सैन्य बेस हैं, उनको हटाया जाए।अमरीका की बात ईरान नहीं मान रहा है तो ईरान की बात अमरीका नहीं मान रहा है। ऐसे में फिर भी अमरीका व ईरान बात करने के लिए टेबल पर आए तो उसकी वजह यह है कि दोनों को इतना नुकसान हो चुका है कि दोनों और नुकसान नहीं चाहते हैं। दोनों के देश के भीतर की राजनीति में भी नुकसान होने का अंदेशा होगा और दोनों नहीं चाहते हैं कि देश के भीतर उनके खिलाफ माहौल बने इसलिए दोनों देश बातचीत का कोई नतीजा निकले या न निकले दुनिया व देश के लोगों को बताना चाहते हैं कि देखो हम बात कर रहे हैं।देखों हमने युध्द बंद कर दिया है। अमरीका व ईरान के बीच २१ घंटे की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला है और निकलने की उम्मीद भी नहीं थी। अमरीका ने कोशिश की कि किसी तरह परमाणु कार्यक्रम बंद करने व होर्मूज स्ट्रेट को खुला रखने को ईरान राजी हो जाए। पहली कोशिश में तो अमरीका सफल नहीं हुआ है। ईरान ने दोनों बातें नहीं मानी और इस बात पर भी नाराजगी जताई की इजराइल लेबनान पर हमला कर रहा है।अमरीका ने साफ कहा कि शांति वार्ता में लेबनान की बात नहीं थी जबकि ईरान का कहना था कि युध्दविराम मतलब ईरान के साथ लेबनान पर हमला रोकना है।ईरान अमरीका का सामने झुका हुआ नहीं दिखना चाहता है क्योकि ऐसा करने पर ही उसका महत्व क्षेत्र का राजनीति व विश्व राजनीति में बना रहेगा। ऐसे में अमरीका के सामने ईरान को शांति के लिए मनाना एक बड़ी चुनौती है।क्योंकि उसके सामने दो ही विकल्प हैं एक फिर से युध्द शुरू किया जाए, यह रास्ता ट्रंप के लिए अमरीका में नुकसानदायक है, उनको चुनाव में नुकसान हो सकता है।दूसरा बातचीत के सिलसिले को बनाए रखा जाए.एक दौर की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला तो दूसरे दौर की बातचीत के लिए जमीन तैयार की जाए।इससे अमरीका युध्द से बचा रहेगा।अभी ट्रंप अमरीका में जो नुकसान हो सकता है, उससे बचना चाहते हैं, इसलिए उनकी मजबूरी है कि वह ईरान के साथ ईरान चाहे न चाहे वह अमरीका के लोगों को और खाड़ी के देशों को बताना चाहते हैं कि मैं तो बातचीत करना चाहता हूं, ईरान नहीं चाहता है।ऐसे में ईरान को बातचीत का नतीजा निकले या न निकले बात तो करनी ही पड़ेगी। दोनों देशों के हित में यही है कि नतीजा निकले या न निकले बातचीत के दौर चलते रहें।जब तक देश में स्थिति उनके अनुकूल न हो जाए।

## समसामयिक

# देश भर में फैल सकती है मजदूरों के आक्रोश की चिंगारी

**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश की राजधानी से सटे यूपी के औधोगिक नगर नोएडा में आंदोलन बन कर सुलगा मजदूरों का आक्रोश आकस्मिक नही है। इसके पीछे जिम्मेदार सरकारी श्रम अधिकारियों की श्रमिक हितों की अनदेखी अधिक काम के घंटे कम मजदूरी साप्ताहिक अवकाश का न होना समेत कई दमनकारी व्यवहार छिपे हुए हैं वहीं पहले से बदहाल श्रमिकों को हाल ही में एलपीजी की कमी होने पर खाना बनाने के लिए 200 300रूपए प्रतिकिलो एलपीजी ब्लेक में खरीदने सभी खुदरा राशन पर दाम बढ़ने से जीवन यापन करना असहज हो गया और उनका आक्रोश सड़कों पर आ गया। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। नोएडा में कर्मचारियों के उग्र प्रदर्शन के बाद योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये नई अंतरिम दरें 1 अप्रैल से लागू कर दी गई हैं। नोएडा में 13 अप्रैल को हुए श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन के बाद आज पूरे दिल्ली-एनसीआर में हाई अलर्ट है।मजदूरों के गुस्से को देख कर सरकार आनफुट आ गयी है। केंद्र सरकार मामले की मानिटरिंग कर रही है वहीं यूपी हरियाणा राजस्थान की प्रदेश सरकारें अपने अपने स्तर पर मजदूरों के आंदोलन के शमन और मजदूरों को भड़काने वाले लोगों की पहचान करने में लगे हुए हैं। सरकार का मानना है कि यह समिति संवाद और आपसी सहमति के जरिए विवादों को सुलझाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और औद्योगिक माहौल स्थिर बना रहे।उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में वेतन बढ़ोत्तरी समेत सामाजिक सुरक्षा के कई बिंदुओं को लेकर मजदूरों के आंदोलनों व उग्र प्रदर्शनों ने केंद्र तक को सतर्क कर दिया है। दरअसल, हरियाणा से शुरू हुई आग उत्तर प्रदेश पहुंच चुकी है। हरियाणा से सटे राजस्थान के इक्के दुक्के स्थानों पर छिटपुट घटना होकर फिलहाल शांत है। पता हो कि दिल्ली से सटे नोएडा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों का गुस्सा अब एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे दिल्ली-एनसीआर में फैला हुआ एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है. वेतन वृद्धि, महंगाई और श्रम सुविधाओं को लेकर शुरू हुआ यह विरोध अब कई जिलों में असर दिखा रहा है. नोएडा में चल रहे इस आंदोलन की शुरुआत 7 अप्रैल को गुरुग्राम के मानेसर इलाके से हुई थी, जहां मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू किया था.इसके बाद यह विरोध धीरे-धीरे नोएडा और फिर ग्रेटर नोएडा पहुंचा. अब इस आंदोलन का असर गाजियाबाद, बुलंदशहर और



हापुड़ तक में भी दिखाई दे रहा है. आज बड़ी संख्या में बुलंदशहर और गाजियाबाद में श्रमिकों ने प्रदर्शन किया और सड़कों को जाम कर दिया. गाजियाबाद में स्थिति इतनी खराब हो गई कि नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया.

जान लीजिए नोएडा में यह आंदोलन 9 अप्रैल को फेस-टू थाना क्षेत्र में मौजूद होजरी कंपलेक्स से शुरू हुआ. शनै शनै मजदूरों के आंदोलन की ने 12 अप्रैल को बड़ा मोड़ लिया. ग्रेटर नोएडा के इकोटेक थर्ड इलाके में प्रदर्शन के दौरान मिंडा कंपनी के पास हालात अचानक बिगड़ गए. इस दौरान पुलिस कार्रवाई में गोली चलने की घटना सामने आई, जिसमें एक महिला मजदूर को गोली लग गई.

यह घटना पूरे आंदोलन के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुई. जैसे ही गोलीकांड की खबर फैली, मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया और आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया.

अगले ही दिन 13 अप्रैल यानी सोमवार की सुबह नोएडा के फेस-2, सेक्टर-62 और एनएच-9 जैसे प्रमुख इलाकों में हजारों मजदूर सड़कों पर उतर आए. इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया. कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया. इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. पुलिस और मजदूर आमने-सामने आ गए. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. भारी पुलिस बल की तैनाती के बाद किसी तरह हालात को काबू में लाया गया, लेकिन तनाव अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है.

इस आंदोलन का सीधा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक ढांचे पर पड़ा. फेस-2 के होजरी कंपलेक्स में करीब 500 कंपनियां संचालित होती हैं. वहीं, इकोटेक थर्ड के औद्योगिक क्षेत्र में भी करीब 400 से अधिक फैक्ट्रियां और निजी कंपनियां हैं. इनमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर काम करते हैं. दोनों प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ और कई कंपनियों को अस्थायी रूप से काम बंद करना पड़ा. गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ जैसे जिलों में भी मजदूर सक्रिय हो गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक होने की आशंका है.मजदूरों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रति माह करना, ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से करना, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करना, समय पर वेतन भुगतान, सैलरी स्लिप देना और बोनस को सीधे बैंक खाते में समय पर भेजना शामिल है. उनका कहना है कि महंगाई के इस दौर में मौजूदा वेतन से गुजारा संभव नहीं है.

प्रदर्शन के दौरान नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे ट्रैफिक पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा. यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कई जगह एंबुलेंस फंसने की घटनाएं भी सामने आईं.आपको बता दें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम वेतन देश में सबसे अधिक है ऐसे में भाजपा के लिए परेशानी बढ़ेगी क्योंकि ये चारो राज्य भाजपा शासित हैं। ऐसे में अगर जरूरत महसूस हुई तो औपचारिक अनौपचारिक रूप से केंद्रीय स्तर पर इन राज्यों की बैठकें कर स्थिति को संभालने की कोशिश होगी। उद्योगों को भी साथ लेकर चलने की जरूरत है और मजदूरों का ध्यान रखने की भी। मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए लेकिन उद्योगों की भी सुरक्षा होनी चाहिए। पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में जिस तरह आग फैली है उसमें राजनीतिक मंशा देखी जा रही है क्योंकि अगले साल की शुरूआत में ही वहां चुनाव है। राजस्थान में भी न्यूनतम वेतन अपेक्षाकृत कम है लेकिन वहां भिवाड़ी के अलावा किसी स्थान पर कोई घटना नहीं हुई और अब शांत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।

**इनको सौंपी गई समिति की कमान**-गठित समिति की कमान औद्योगिक विकास आयुक्त को सौंपी गई है। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) और प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन को भी इसमें सदस्य बनाया गया है। खास बात यह है कि समिति में श्रमिक संगठनों के पांच प्रतिनिधियों और उद्योग संगठनों के तीन प्रतिनिधियों को शामिल कर सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।सरकार की प्राथमिकता मजदूरों के असंतोष को दबाने कम करने और विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए उकसाने मे नाकाम करने की है इसके लिए सरकार मजदूरों के हित मे हर कदम उठाने को तैयार है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है। माता-पिता के साथ रिश्ते मधुर होंगे। जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी। आपको जीवनसाथी से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से खुशखबरी आपको मिल सकती है। आज आपकी सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। साथ ही गोपनीय बात आपको पता चल सकती है। दोस्तों के साथ समय बीत सकता है। फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलेगा। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान करेंगे। बच्चों की सेहत का ख्याल रखें।

वृष राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ रिश्ते में सुधार होगा।आप खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएंगे। आपके काम से अधिकारी वर्ग भी खुश होंगे। आज आपकी सलाह किसी जरूरतमंद के लिए बहुत कारगर साबित हो सकती है। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। खेल कूद से जुड़े खिलाडियों को किसी बड़े टूर्नामेंट हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। आज के दिन यदि आप निर्णय धैर्य पूर्वक चिंतन करके करेंगे तो सफल अवश्य ही होंगे। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आप कम से कम समय में अधिक काम निपटाने की कोशिश करेंगे और इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। हड्डियों व जोड़ों के दर्द से छुटकारा मिलेगा और आपकी सेहत में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके सारे जरूरी कामकाज पूरे हो जायेंगे। आज पैसे के लेन - देन संबंधी मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचें। आज किसी को पैसा उधार देने में पहले सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज करीबी व्यक्ति आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आपको अपने भविष्य के बारे में थोड़ा विचार करने की जरूरत है।

सिंह राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप अपने जीवन में कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान आज निकल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। उधार दिया हुआ पैसा अचानक ही वापस मिलेगा। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को यात्रा करनी पड़ सकती है। आज पारिवारिक वातावरण खुशनुमा और सौहार्दपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस से संबंधित कार्यभार की अधिकता बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव होंगे। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिल सकता है, जिससे आपको भी फायदा होगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए आज आपको नये अवसर मिलेंगे। कामकाज में सफलता मिलेगी। दोस्तों से फायदा मिलने की उम्मीद है। जीवन में कार्य योजनाओं को कार्यान्वित करने भाई-बहनों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। बहुत दिनों से रुके हुए कार्य आज आज पूरे होंगे। घर का माहौल आज खुशनुमा रहेगा। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई के प्रति रुझान बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने जा सकते है। साथ ही रिश्तों में पॉजिटिविटी भी आयेगी। आर्थिक स्थिति में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका ध्यान अपने कार्य को पूरा करने में रहेगा और ऑफिस में किसी काम को लेकर सीनीयर्स से गहन रूप से विचार-विमर्श करना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा आपकी दोस्ती और भी मजबूत होगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आ सकती है, जिन्हें आप सफलतापूर्वक निभायेंगे। आज बड़ा काम संतान की मदद से पूरा हो जायेगा। माता-पिता का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ लोग आपकी तरक्की से प्रसन्न नहीं होंगे ऐसे लोगों को इग्नोर करके अपने काम के प्रति सतर्क रहें।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज जो भी काम आप शुरू करेंगे उसे समय से पूरा कर लेंगे। आपकी प्रबल इच्छा शक्ति आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकती है। लेन-देन के लिए आज का दिन अच्छा है। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें। अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढने की वजह से थकान रहेगी जीवनसाथी की उपलब्धियों की सराहना करने से आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आयेगी। स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में सफलता मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के लोगों को कारोबार बढ़ाने के लिए घर के वरिष्ठ लोगों से सलाह लेना निकट भविष्य बहुत कारगर साबित होगा। पैसों के संबंध में अच्छी खबर मिलेगी, कामकाज से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। आपके सोचे हुए सारे काम आज समय से पूरे होंगे। किसी सामाजिक समारोह में आपकी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आपके लिए बहुत खास साबित होगा। सहकर्मी आज आपके लिए मददगार साबित होंगे। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज ध्यान रखें कि आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ किसी खूबसूरत जगह का ट्रिप प्लान कर सकते हैं। आज बहुत बिजी शेड्यूल होने के बावजूद आप अपने जीवनसाथी के लिए समय निकलेंगे साथ में कुछ अच्छा वक्त बिताएंगे। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लानिंग आज बन सकता हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है,जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी। कारोबार बढ़ाने के लिए आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं।

कुंभ राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग आज आपको मिलेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए आज का दिन बढिय़ा है। करियर में बड़ी सफलता हासिल होगी। अगर आप किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह आज पूरा हो जाएगा। अपना काम छोड़कर दूसरों की मदद करने का भाव आज आपके मन में आयेगा आप ऐसा कर भी सकते हैं। आज आप बिजनेस में पैसे तो लगायेंगे , लेकिन आपको उसका लाभ मिलने में वक्त लगेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रहेगा। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाये। परेशान होने के बजाय धैर्य से काम करें सफलता अवश्य मिलेगी। वहीं किसी कार्य में कुछ लोग आपकी मदद करेंगे। आज आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल बनाकर रखना चाहिए, अन्यथा आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव आने की संभावना रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा कर लेना चाहिए। दिनभर की व्यस्तता के कारण आपकी थकान बढ़ सकती है।

## सू- दोकू क्र.009

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -009

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## मीडिया

# भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करता गोदी मीडिया

**निर्मल रानी**

सत्ता की ग़ुलामी करने में मदहोश देश का गोदी मीडिया तमाम अपमानों,ज़लालत,विरोध व आलोचनाओं के बावजूद अपनी प्रस्तुति,सामग्री व शब्दों के चयन के स्तर को दिन प्रतिदिन गिराता जा रहा है। हद तो यह है अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में पाकिस्तान व अन्य देशों के अतिथियों को अपने साथ लाईव जोड़कर उनसे विवदित व बेतुके सवाल पूछकर उन्हें 'बदकलामी ' करने के लिये जानबूझकर उकसाया जाता है। ताकि वे तीखा जवाब दें जिससे बहस में गर्मी पैदा हो और बहस में असंसदीय व अभद्र शब्दों का इस्तेमाल हो। और इसी शोर शराबे की आड़ में उनकी टी आर पी भी बढ़े उनका एजेंडा भी पूरा हो और उनके सरपरस्त 'आक़ा' भी खुश हो सकें। देश को कलंकित करने वाले ऐसे अनेक टी वी स्टूडियो में डिबेट के दौरान गाली गलौज,धक्का मुक्की मार पीट सब कुछ तो होता रहता है ? अफ़सोस यह कि यह सब पूर्वनियोजित होता है और जानबूझकर करवाया जाता है। सरकारी टी वी चैनल डीडी न्यूज़ के शो 'दो टूक' के एंकर अशोक श्रीवास्तव द्वारा अपने इसी शो में पिछले दिनों की गयी एक अत्यंत घटिया टिप्पणी को सुनकर भला कौन कह सकता कि यह भाषा किसी पत्रकार या टीवी एंकर की भाषा हो सकती है। एक लाइव डिबेट के दौरान अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि "राहुल गांधी सावरकर के चप्पल की धूल के एक कण के हज़ारवें हिस्से के बराबर भी नहीं हैं। राहुल गांधी सावरकर के जूते की नोक के बराबर भी नहीं हैं, और उस नोक पर लगी धूल के कण के भी हज़ारवें भाग के बराबर नहीं हैं।" एंकर अशोक श्रीवास्तव द्वारा यह टिप्पणी सावरकर को श्रद्धांजलि देते समय राहुल गांधी से उनकी तुलना करने के बहाने से की गई थी। इस ओछी व घटिया टिप्पणी के बाद ख़ासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। कई विपक्षी नेताओं ने भी ऐसी घटिया टिप्पणी को अपमानजनक व असभ्य बताया। इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में दूरदर्शन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने "ये पत्रकारिता नहीं, सत्ता की दलाली है" जैसे नारे लगाये। गोदी मीडिया का पुतला फूंका गया। इसके बाद यह सवाल भी खड़ा हुआ कि निजी टी वी चैनल तो भय लालच व्यवसायिकता अथवा वैचारिक कारणों से तो सत्ता की गोद में जाकर बैठ ही चुके हैं परन्तु आख़िर देश के कर दाताओं के पैसों से चलने वाला सरकारी चैनल भी क्या अपनी निष्पक्षता खो चुका है ? क्या DD News पर




भी करोड़ों रूपये लेने वाले पत्रकार व टाई सूट में सजे धजे टी वी ऐंकर भी अब आई टी सेल या ट्रोलर्स की भाषा बोलने के लिये मजबूर हो चुके हैं ? इसी तरह एक निजी टीवी चैनल की एक एंकर हैं जिन्होंने पिछले दिनों इफ़्तार पार्टी आयोजित कर कई राजनेताओं को दावत दी थी। उनकी यह दावत और आमंत्रित लोगों को देखकर यह समझने में देर नहीं लगी कि उनका राजनैतिक रुझान भी है और वह पत्रकारिता के बाद संभवतः राजनीति में ही अपना कैरियर बना सकती हैं। दरअसल गोदी पत्रकारों को यह मालूम है कि 'गोदी ' से उतरने के बाद वे इस लायक़ ही नहीं रहेंगे कि अपना कोई प्लेटफ़ॉर्म खड़ाकर उसपर अपने 'जौहर' दिखा सकें। क्योंकि हर पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन,रवीश कुमार,अजीत अंजुम,अभिसार शर्मा,अशोक पाण्डेय,पुण्य प्रसून वाजपेई, प्रज्ञा मिश्रा,आरिफ़ा ख़ानम या आशुतोष जैसे पत्रकारों के ने"क़दम पर नहीं चल सकता। दरअसल ऐसी पत्रकारिता के लिये अध्ययन,साहस,ज्ञान,पत्रकारिता का दायित्वबोध आदि सब कुछ चाहिये जो चाटुकारिता या सत्ता की दलाली के लिये ज़रूरी नहीं। बहरहाल गोदी चैनल की यही मोहतरमा अपने चैनल पर एक पाकिस्तानी मेहमान को बार बार बुलाती हैं। यह जब उससे कोई तीखा सवाल जानबूझकर करती हैं तो वह शख़्स इनसे भी तीखा जवाब देता है। मैंने उसे अपशब्द बोलते,गलियां निकालते भी सुना यहाँ तक कि उसकी कई टिप्पणियों से हमारे देश की तौहीन भी हुई। परन्तु यह आज भी उसे जानबूझकर बार बार बुलाती हैं। अब तो उस पाकिस्तानी व्यक्ति की लोकप्रियता गोदी चैनल्स में इतनी बढ़ गयी है कि वह व्यक्ति दूसरे चैनल्स पर भी नज़र आने लगा है। वह ख़ुद भी कह चुका है कि तुम हिंदुस्तानी चैनल वाले मुझे बुलाते ही इसलिये हो ताकि तुम्हारी टी आर पी बढ़े । सनसनी फैलाने,पक्षपात करने,सत्ता का गुणगान करने,भ्रामक रिपोर्टिंग करने,बहस में अपना एजेंडा थोपने,साम्प्रदायिकता फैलाने सत्ता के बजाय विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने, मंहगाई, बेरोज़गारी, शिक्षा,स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बहस न करने व इन मूल मुद्दों को न उठाने जैसी अपनी ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकतों के चलते आज विदेशों में भी भारतीय मीडिया की छवि नकारात्मक बन चुकी है। इसीलिये भारतीय मीडिया को अक्सर सरकार का चमचा या " गोदी मीडिया " कहकर संबोधित करते हैं। पूर्व में हुये भारत-पाकिस्तान संघर्ष हों या वर्तमान में छिड़ा पश्चिम एशिया संघर्ष। गोदी मीडिया पर कई बार अपुष्ट व मनगढ़ंत ख़बरें चलाने के आरोप लग चुके हैं। कुछ देशों में भारतीय मीडिया को तो महज़ सत्ता के एजेंडे के प्रसार का माध्यम मात्र माना जाता है। आज इसी गोदी मीडिया ने सनसनीखेज़ झूठी व भ्रामक ख़बरें फैलाकर देश में बड़ा सामाजिक विभाजन पैदा कर दिया है। और मज़े की बात तो यह है कि सत्ता की चाटुकारिता व उसके एजेंडों को परोसने गोया इन्हीं हथकंडों के इस्तेमाल से जो जो मीडिया सत्ता की छवि गढ़ने की फ़िक्र में सत्ता के सामने शाष्टांग दंडवत होने में कोई कसर नहीं छोड़ता वही मीडिया यह भूल जाता है कि उसके इस प्रयोग के चलते देश और दुनिया में ख़ुद भारतीय मीडिया की स्थिति क्या होती जा रही है ? अनेक बार भारतीय अदालतें ऐसे मीडिया घरानों को डांट फटकार चुकी हैं। कई बार मीडिया पर नज़र रखने वाली सर्वोच्च संस्था एनबीएसए इनकी विवादित प्रस्तुतियों की आलोचना कर चुकी है व इन्हें निर्देशित कर चुकी है। कई बार इन्हें सज़ा भी हो चुकी है। कई बार चैनल पर मुआफ़ी भी मांग चुके हैं। कई बार यह अपने झूठे व भ्रामक ट्वीट भी डिलीट कर चुके हैं। इनके द्वारा फैलाई जाने वाली अफ़वाहों का कई बार पुलिस भी खंडन कर चुकी है। परन्तु इन सब के बावजूद गोदी मीडिया का भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करने का अफ़सोसनाक खेल बदस्तूर जारी है।

### सरोना भाजपा मंडल ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

# लिया संकल्प बाबा साहेब के विचारों को समाज में आगे बढ़ाने का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,15 अप्रैल।** सरोना में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।



### प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि कार्यक्रम

बाबा साहब के योगदान को किया गया यादकार्यक्रम की शुरुआत सरोना स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना और माल्यार्पण के साथ हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के योगदान को नमन करते हुए उनके विचारों को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे, जिन्होंने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए अधिकारों को याद किया।

### संविधान को बताया अधिकारों की मजबूत ढाल

भाजपा को बताया विचारों को जमीन पर उतारने वाली शक्तिअपने संबोधन में मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान देश के करोड़ों वंचित, शोषित और गरीबों के अधिकारों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि न्याय और समानता का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी ही वह शक्ति है जो बाबा साहब के विचारों को व्यवहार में लागू करने का कार्य कर रही है।

### विपक्ष पर साधा निशाना

जनता को भ्रमित करने के प्रयासों की आलोचनाकार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विपक्षी दलों पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्षों तक कुछ दलों ने केवल बाबा साहब के नाम पर राजनीति की, लेकिन उनके सिद्धांतों को लागू करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए। अब वही दल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि देश की जनता सच्चाई को समझ चुकी है और विकास के साथ खड़ी है।

### महिलाओं और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण पर जोर

शिक्षा, संघर्ष और संगठन को बताया परिवर्तन का आधारजिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन शिक्षा, संघर्ष और संगठन की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि आज सरकार महिलाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए लिए जा रहे निर्णय बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित का लिया संकल्प

उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और राष्ट्रहित में कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया। पूरे आयोजन में उत्साह, ऊर्जा और एकजुटता का वातावरण देखने को मिला, जिससे यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## समाचार संक्षेप

### संघर्ष, संकल्प और सेवा की प्रतिमूर्ति थे बाबा साहेब:सांसद महेश कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 अप्रैल ।** भारत रत्न की 135वीं जयंती के अवसर पर जगदलपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने बाबा साहेब के महान व्यक्तित्व और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, संकल्प और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने सामाजिक न्याय की स्थापना और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न हो और सभी को समान अवसर प्राप्त हों। उनका यह सपना आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। सांसद कश्यप ने आगे कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है। यही संविधान हमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने और एकता में बंधे रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बाबा साहेब के दिए गए संदेश ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो÷ को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि इसी मार्ग पर चलकर हम एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं। अंत में सांसद महेश कश्यप ने बस्तर की जनता एवं क्षेत्रवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समतामूलक समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### फेडरेशन ने कलेक्टर से परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर का प्रतिनिधि मंडल आज मंगलवार को कलेक्टर बस्तर से भेंट कर जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक करने की मांग रखी। जिसे तत्काल कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वीकार करते हुए शीघ्र बैठक करने पर अपनी सहमति दी है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर के संयोजक गजेंद्र श्रीवास्तव ने कलेक्टर आकाश छिकारा से भेंट के दौरान अवगत कराया कि लगभग 5 वर्ष पूर्व परामर्शदात्री समिति के बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई थी। उसके बाद से अब तक बैठक नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर जिले में लगभग 30 से अधिक कर्मचारी संगठन कार्यरत है, सभी को बैठक में आमंत्रित करते हुए विभागीय कर्मचारियें के समस्याओं का निराकरण की दिशा में अच्छा पहल होगा।

### एसडीआरएफ व नगर सैनिकों ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह पर निकाली जागरूकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 अप्रैल।** बस्तर जिले के कलेक्टर की अनुमति से महानिदेशक निदेशक एवं डीआईजी नगर सेना मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार आज मंगलवार को नगर सेना कार्यालय के तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में फायर कर्मचारी, एसडीआरएफ एवं नगर सैनिकों सहित कुल 238 जवानों ने हिस्सा लिया। रैली की शुरुआत लालबाग मैदान से हुई, जो कोतवाली चौक, महावीर चौक, संजय मार्केट, चांदनी चौक, वीर सावरकर चौक, जमाल मिल चौक और एयरपोर्ट चौक से होते हुए फायर स्टेशन तक लगभग 3 किलोमीटर पैदल मार्च के रूप में निकाली गई।

## एक नजर

### पशु प्रेमी संगठन ने दो बीमार कुत्तों को दिया नया जीवन



**जगदलपुर,15 अप्रैल (तछसं.)।** मानवता और पशु प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए स्ट्रे सेफ फाउंडेशन, जगदलपुर की टीम ने पिछले सात दिनों में गंभीर रूप से बीमार दो फीमेल डॉग का सफल रेस्क्यू और उपचार कर उन्हें नया जीवन दिया है। दोनों कुत्तियां ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं और उनके शरीर में बड़े ट्यूमर विकसित हो चुके थे।पहले मामले में बस्तर क्षेत्र से एक फीमेल डॉग को रेस्क्यू किया गया, जिसका ट्यूमर फुटबॉल से भी बड़ा हो गया था। उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय और पीड़ादायक थी। वहीं दूसरे मामले में लालबाग सन सिटी क्षेत्र से एक अन्य फीमेल डॉग को बचाया गया, जो ब्रेस्ट कैंसर से ग्रसित थी। स्ट्रे सेफ फाउंडेशन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों कुत्तों का सफल ऑपरेशन करवाया और उनके शरीर से बड़े ट्यूमर को हटाया। इस सराहनीय कार्य में पशु चिकित्सक डॉ. गीतिका ध्रुव और डॉ. नंदकिशोर मांझी का विशेष योगदान रहा।

### कोंडागांव में राज्य नीति आयोग के निर्देश पर पोषण में विविधता की हुई शुरुआत

**कोंडागांव, 15 अप्रैल ।** जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर को ध्यान में रखते हुए संपूर्णता अभियान 2.0% के तहत कोंडागांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में छात्राओं को विशेष रूप से दक्षिण भारतीय नाश्ता परोसा गया, जिससे उनके भोजन में विविधता लाई जा सके। इस पहल की शुरुआत 6 अप्रैल को हुई थी, जब राज्य नीति आयोग की संयुक्त संचालक डॉ. भावना दीक्षित ने छात्रावास का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के आहार में विविधता लाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सप्ताह में एक दिन अलग प्रकार का पौष्टिक नाश्ता देने के निर्देश दिए थे।इसी क्रम में आज मंगलवार को नीति आयोग के कंसल्टेंट संतोष कुमार सितारे की अध्यक्षता में यह विशेष नाश्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को इडली, डोसा, सांभर और अन्य दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसे गए। विशेषज्ञ कार्यक्रम के दौरान केवल भोजन वितरण ही नहीं, बल्कि छात्राओं को संतुलित आहार और पोषण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# पिपलावंड में नवनिर्मित मॉडल आंगनबाड़ी व व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण सांसद महेश कश्यप ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 अप्रैल ।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपलावंड का दौरा कर नवनिर्मित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। लोकार्पण से पूर्व सांसद महेश कश्यप ने ग्राम देवी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने फीता काटकर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र और व्यावसायिक परिसर का उद्घाटन किया। सांसद कश्यप ने कहा कि यह आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। वहीं व्यावसायिक परिसर के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर के हर गांव तक विकास की यह धारा पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि गांवों में इस तरह के निर्माण कार्यों से बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा मिल सकेगी, वहीं छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। गांव में हुए इन विकास कार्यों के लिए ग्रामवासियों ने सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इन सुविधाओं की आवश्यकता थी, जो अब पूरी हुई है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, जनपद सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिता बघेल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी ने मनाई डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**हैदराबाद, 15 अप्रैल ।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने हैदराबाद में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और साथ ही देश भर में अपनी सभी परियोजना स्थलों पर भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न डॉ बी.आर. अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई। समारोह का नेतृत्व एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने किया। उनके साथ श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); श्री जयदीप दासगुप्ता, निदेशक (उत्पादन); श्री अनुराग कपिल, निदेशक (वित्त) शामिल हुए तथा कर्मचारियों के साथ डॉ बीआर अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बी हनुमंत राव, तथा महासचिव श्रीमती सी अन्नपूर्णा के साथ सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईसमारोह की शुरुआत डॉ बीआर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उनकेजीवन और दर्शन को नमन करते हुए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए, एनएमडीसी के सीएमडी श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि ÷डॉ बीआर अम्बेडकर नेहमें याद दिलाया था कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व अलग-अलग आदर्श नहीं हैं, बल्कि जीवन का एकतरीका है जो हमारे लोकतंत्र का मजबूत आधार हैं। उनके शब्द आज तेजी से विकसित हो रही दुनिया मेंअत्यधिक प्रासंगिक हैं। उनके विचार हमें स्मरण कराते हैं कि सच्ची प्रगति समावेशी और न्यायसंगत विकाससुनिश्चित करने में निहित है। एनएमडीसी में हम इन आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और एक ऐसीसंस्कृति को बढ़ावा देते हैं जहां गरिमा, निष्पक्षता और साझा प्रगति आगे बढ़ने के हमारे मार्ग को परिभाषित करती है। डॉ. बी.आर.अम्बेडकर के कालजयी आदर्शों से प्रेरित होकर एनएमडीसी ने उनके विचारों के अनुरूप एक समावेशी और न्यायसंगत समाज का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता पुनः प्रदर्शित की। उत्सव का समापन एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसके बाद बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया जो शिक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देने पर एनएमडीसी के निरंतर फोकस को दर्शाता है।

### जनगणना कार्य से सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश निरस्त

**कांकेर 15 अप्रैल ।** जनगणना 2027 के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इससे सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों तथा जनगणना कार्य में सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश 15 अप्रैल से 10 जून 2026 तक प्रतिबंधित (विशेष परिस्थितियों को छोड़कर) किया गया है। उक्त अवधि में कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। आदेश में उल्लेख किया गया है कि विशेष परिस्थितियों में जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स एवं जनगणना कार्य में सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी तथा विकासखण्ड तहसील स्तर के प्रगणकों, पर्यवेक्षकों व इस कार्य में सम्बद्ध कर्मचारियों को संबंधित अनुविभागीय जनगणना अधिकारी द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

# अबूझमाड़ के मरकाबेड़ा में खुला पहला स्कूल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नारायणपुर, 15 अप्रैल।** जिले के अबूझमाड़ का मरकाबेड़ा गांव कभी नक्सल गतिविधियों के लिए चर्चित था, अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। बस्तर में शांति और विकास के विस्तार के साथ अब शिक्षा की किरण भी दुर्गम इलाकों तक पहुंच रही है। कलेक्टर नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में पहली बार प्राथमिक शाला शुरू की गई है। ग्राम पंचायत गोमे अंतर्गत आने वाला मरकाबेड़ा लंबे समय तक विकास से अछूता रहा। यहां के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर-दराज के गांवों तक जाना पड़ता था, जिससे अधिकांश बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते थे। अब गांव में ही स्कूल खुलने से न केवल मरकाबेड़ा बल्कि कोरोसकोडो समेत आस-पास के गांवों के बच्चों को बड़ी राहत मिली है। स्कूल की शुरुआत आसान नहीं थी। संकुल समन्वयक, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नदी-नालों और पहाड़ियों को पार कर कठिन परिस्थितियों में इस पहल को साकार किया। शाला प्रारंभ करने के साथ ही प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को निशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और पोषक आहार वितरित किए गए।

# शहर जिला कांग्रेस ने मनाई डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 अप्रैल ।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती राजीव भवन में सादगीपूर्ण मनाई गई इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही लालबाग स्थित तिरंगा चौंक चौराहे पर स्थित डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने राजीव भवन में गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहेब अंबेडकर जी ने देश को एक मजबूत संविधान प्रदान कर सामाजिक समरसता और समानता की नींव रखी,जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों और भेदभाव का सामना किया,लेकिन अपने अटूट संकल्प और मेहनत के बल पर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए रास्ता बनाया। बाबा साहेब ने हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है।उन्होंने दलितों, पिछड़े और शोषित वर्गों के अधिकारों, उत्थान और सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष किया।भारतीय संविधान के शिल्पकार और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के जीवन पर्यंत सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा बाबा साहेब बीआर अंबेडकर जी ने न सिर्फ भारत को संविधान देकर एक महान लोकतंत्र की नींव रखी बल्कि देश के करोड़ों दलितों और वंचितों की प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त किया।वे एक ऐसे समाज में पैदा हुए जहां छुआछूत और भेदभाव गहराई तक फैला हुआ था। इसके बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और दुनिया के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की। डॉ. बीआर अंबेडकर जी एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद्,धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में छूआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि अस्पृश्यता को हटाए बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती है। वह भारत में दलितों व पिछड़े वर्गों को मसीहा थे। दलित व पिछड़े लोग उन्हें बाबासाहेब कहकर बुलाते थे।

# साहू समाज ने मनाई मेंढका डोबरा में भक्त माता कर्मा जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 अप्रैल।** जिला साहू समाज दंतेवाड़ा के तत्वाधान में साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्ति माता कर्मा जयंती समारोह बड़े धूमधाम से जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के मदंतेश्वरी मंदिर के पास स्थित मेंढका डोबरा में मनाया गया जिसमें साहू समाज ने सामाजिक एकता, संघटनात्मक मजबूती, एवं समरसता का संदेश लोगों को दिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के सांसद माननीय महेश कश्यप जी रहे अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू आसीन हुए, प्रमुख अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक माननीय चैतराम अटामी, व जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा, गीदम से जनपद सदस्य पवन कर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, प्रदेश साहू समाज कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू, प्रदेश संगठन सचिव श्रीमती चंद्रावती साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव श्रीमती बीना साहू, जिला अध्यक्ष कोंडागांव राजेश साहू, नारायणपुर से जिलाध्यक्ष अनिल साहू, प्रवीर साहू सुकमा से जिलाध्यक्ष राजू जगन्नाथ साहू, एवं अन्य अतिथिगण शामिल हुए सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर हवन यज्ञ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात शोभायात्रा के रूप में बाइक रैली मेंढ़का डोबरा से एकता परिसर पातररास जहां पर साहू समाज का भवन हेतु चिन्हांकित किया गया है उस स्थान तक रैली निकाली गई।समारोह के अतिथियों का आगमन हुआ जिन्हें पारंपरिक ढोल बाजा नृत्य के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया मंच को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष नेहरू राम साहू ने इस कार्यक्रम के द्वारा सामाजिक संरचना को मजबूत करने के लिए एवं सामाजिक एकीकरण करना लक्ष्य बताया और इस कार्य में सभी सामाजिक सदस्यों का सक्रिय सहयोग के लिए निवेदन किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने भी सामाजिक एकीकरण के लिए अपने विचार रखें प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने समाज का महत्व बताया एवं पार्टी वादी विचारधारा छोड़कर समाज को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने के लिए सभी से अपील किया। क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप जी ने साहू समाज का महत्व का बखान करते हुए आराध्या माता कर्मा को प्रणाम करते हुए सबके मंगलमय जीवन की कामना किया एवं शासकीय योजनाओं का जानकारी दिया। फिर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने छत्तीसगढ़ के प्रत्येक क्षेत्र में साहू समाज की सहभागिता को लोगों के बीच रखा एवं आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। फिर सम्मान कार्यक्रम के तहत साहू समाज के दानवीर भामाशाह जिन्होंने समाज के लिए तन मन धन से सहयोग किया ऐसे दो सदस्य गीदम तहसील अध्यक्ष पंचू राम साहू एवं दंतेवाड़ा निवासी ननकु साहू दोनों को दानवीर भामाशाह उपाधि से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र मोमेंटो प्रदान किया गया फिर नवनिर्वाचित जिला एवं तहसील पदाधिकारी का शपथ ग्रहण प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा कराया गया इसके पश्चात सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं समाज के नौनिहाल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया फिर भोजन ग्रहण करने के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन के माध्यम से साहू समाज ने छत्तीसगढ़ में अपनी शसक्त एवं सक्रिय कार्यों को याद किया एवं कार्यक्रम में सभी समाज प्रमुखों को आमंत्रित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। जिला साहू संघ दंतेवाड़ा के चारों तहसील अध्यक्ष दंतेवाड़ा से वैभव चंदन, गीदम से पंचू साहू, बचेली से देवेंद्र कुमार साव, किरंदुल से टीकम चंद साहू का विशेष योगदान रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक भूपेंद्र साहू के कुशल मार्गदर्शन में तथा समाज के मातृ शक्तियों व बेटियों का विशेष सहयोंग प्राप्त हुआ।कार्यक्रम संचालित करते हुए अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नारायण साहू एवं जिला के संगठन सचिव नारायण साहू ने साहू समाज के आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा के महान कार्यों को अवगत कराया, लोकेश साहू, कूबर साहू जिला मीडिया प्रभारी द्वारा अपने उद्घोषणा से सबको प्रभावित किया। एवं सूर संगम मानस मंडली के संचालक नरेंद्र साहू संरक्षक जी कि टीम द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किया गया ।



# छुरा एवं देवभोग में जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 15 अप्रैल।** जिले के विकासखण्ड मुख्यालय छुरा के शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं देवभोग के स्वामी आत्मानंद स्कूल में फिल्ड ट्रेनर्स द्वारा पर्यवेक्षक एवं प्रगणक को जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने छुरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर कहा कि जनगणना के प्रशिक्षण के लिए फिल्ड ऑफिसर द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उसे ध्यानपूर्वक सुने जहाँ समझ नहीं आ रहा है, उसके बारे में दुबारा जानकारी ले।

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जो विकास योजनाओं की नींव तय करता है। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनें तथा जिस विषय में स्पष्टता न हो, उसे तत्काल पूछकर समझ लें, ताकि फील्ड में कार्य करते समय किसी प्रकार की कठिनाई न आए। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना कार्य में सटीकता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचा जाए। साथ ही जब घरों में जनगणना करने के लिए जाएं तो नागरिकों से बातचीत के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने तथा उनकी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर डेटा प्रविष्टि का अभ्यास भी कराया गया। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों ने जनगणना कार्य को पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ संपन्न करने को कहा। जनगणना कार्य में अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण होती है।प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं आवासीय सर्वे की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार प्रत्येक भवन की पहचान, मकान संख्या निर्धारण, उपयोग की स्थिति, सुविधाओं की उपलब्धता तथा परिवारों का विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाना है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, एसडीएम रामसिंह सोरी, एसडीएम अंजली खलखों, तहसीलदार श्री मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार श्री डोनेश साहू, राजस्व निरीक्षक श्री दशरथ मांझी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# बस्तर में अवैध रेत कारोबार पर सतत निगरानी जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 15 अप्रैल ।** बस्तर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान की गई कार्यवाही के तहत कुल 32 प्रकरण दर्ज कर शासन के मद में 26,80,180 रुपये की भारी जुर्माना राशि जमा कराई गई है।

सहायक खनिज अधिकारी ने शिकायतों के आधार पर बकावंड तहसील के अंतर्गत बनियागांव क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण के समय मौके पर कोई मशीन या वाहन कार्यरत नहीं पाया गया, लेकिन प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी चैकसी बढ़ा दी है। पूर्व में भी इसी क्षेत्र में ओडिशा सीमा के पास अवैध उत्खनन करते हुए एक चैन माउंटेन पोकलेन मशीन को जब्त किया गया था, जिसमें संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1,36,400 रुपये का अर्थदंड वसूला गया था।

खनिज अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार पिछले एक साल में अवैध परिवहन के 22 मामलों में आठ लाख से अधिक, अवैध भंडारण के 4 मामलों में लगभग बारह लाख और अवैध उत्खनन के 6 मामलों में साढ़े छह लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया था। हाल ही में 29 मार्च 2026 को किए गए औचक निरीक्षण के दौरान बनियागांव और अन्य क्षेत्रों से अवैध परिवहन में संलिप्त चार और वाहनों को पकड़कर उनके विरुद्ध नए प्रकरण दर्ज किए गए हैं। खनिज अधिकारी ने इस संबंध में पुष्टि की है कि खनिज जांच दल द्वारा जिले के भीतर और सीमावर्ती इलाकों में खनिजों के अवैध दोहन को रोकने के लिए सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल खनिज, राजस्व विभाग या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

## एक नजर

### मोहला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक करने चलाया गया अभियान

**मोहला 15 अप्रैल ।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार हेतु 10 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक देशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित विशेष संसद सत्र को महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त निर्देशों के तहत मोहला जिले में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय मोहला में 16 अप्रैल को सुबह 8 बजे जिला पंचायत परिसर से कलेक्ट्रेट परिसर तक बाइक एवं स्कूटी रैली निकाली जाएगी। इस अभियान के माध्यम से आमजन में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला प्रशासन की ओर से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### जगदलपुर ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में भर्ती के लिए 27 अप्रैल तक आवेदन

**जगदलपुर 15 अप्रैल ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जगदलपुर (ग्रामीण) द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायत नेतानार के रंधारीरास केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक पद और ग्राम पंचायत माड़पाल के दीवानपारा केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका का एक पद भरा जाना है। इच्छुक महिला उम्मीदवार इन पदों के लिए 27 अप्रैल शाम 5 बजे तक अपना आवेदन और अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल सीधे कार्यालय में जमा कर सकती हैं। अभ्यर्थी आधिकारिकपर जाकर रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पात्रता मानदंडों के अनुसार, इन पदों के लिए केवल वे महिला उम्मीदवार ही पात्र होंगी जिनकी आयु 18 से 44 वर्ष के बीच है और जो उसी ग्राम की स्थायी निवासी हैं जहाँ आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। शैक्षणिक योग्यता के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जबकि सहायिका पद के लिए न्यूनतम योग्यता 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण रखी गई है। चयन प्रक्रिया में विधवा, परित्यक्ता और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की महिलाओं को विशेष प्राथमिकता और अतिरिक्त अंक दिए जाने का प्रावधान है। आवेदकों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि की पुष्टि हेतु अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र और यदि लागू हो तो जाति व अनुभव प्रमाण पत्र जैसे सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज स्व-प्रमाणित कर अवश्य संलग्न करें। यह भर्ती पूरी तरह से मानसेवी आधार पर होगी, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

### बीएसपी में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई डॉ.अंबेडकर जयंती

**भिलाई, 15 अप्रैल।** सेल -भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को महात्मा गांधी कला मंदिर में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग एवं बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम के पूर्व निदेशक प्रभारी (भिलाई इस्पात संयंत्र) श्री चित्त रंजन महापात्र ने सेक्टर-6 स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री ए.के. चक्रवर्ती, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री ए.बी. श्रीनिवास, महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) श्री जे.एन. ठाकुर, महाप्रबंधक (एचआर-आईआर एवं सीएलसी) श्री विकास चंद्रा, बीएसपी-आईआर विभाग के अधिकारीगण तथा एससी/एसटी कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) श्री प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक (खदान) श्री कमल भास्कर, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री ए.बी. श्रीनिवास, महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) श्री जे.एन. ठाकुर, महाप्रबंधक (एचआर-आईआर एवं सीएलसी) श्री विकास चंद्रा, अध्यक्ष (बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ) श्री कोमल प्रसाद, महासचिव (बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ) श्री विजय कुमार रात्रे, अध्यक्ष (सेफी एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन) एन.के. बंछोर, महासचिव (बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन) श्री अंकुर मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक (एचआर-आईआर एवं सीएलसी) एवं संपर्क अधिकारी (बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ) श्री रोहित हरित सहित मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कार्मिक, बीएसपी स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की जानकारी आरटीआई के तहत मांगी तो नहीं दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद,15 अप्रैल।** सिविल अस्पताल कुरूद में सूचना के अधिकार के तहत आर टी आई कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे द्वारा जानकारी चाही गई थी जिसमे अस्पताल द्वारा जारी निविदा के नियम एवं शर्तो के बिंदु क्रमांक 43 में अंतः रोगी भर्ती मरीजों जननी शिशु सुरक्षा योजना अंतर्गत दिया जाने वाला भोजन के गुणवत्ता का परीक्षण प्रतिवेदन अस्पताल प्रशासन के द्वारा निर्धारित अधिकारी से करवा कर उसका हस्ताक्षर युक्त रिकॉर्ड संधारण कराये जाने निविदाकार के लिए अनिवार्य किया गया है साथ ही भोजन प्रदायगी के उपरांत वार्ड प्रभारी स्टॉफ नर्स से सत्यापन करना अनिवार्य रखा गया है । लेकिन आर टी आई के तहत जानकारी मांगने पर जनसूचना अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद द्वारा एक लाइन में इस कार्यालय द्वारा दस्तावेज संधारित नहीं है लिख कर दे दिया गया यह तो सीधा सीधा खंड चिकित्सा अधिकारी का खुद के द्वारा बनाये नियम का उल्लंघन है साथ ही यह मरीजों को दिया जाने वाला भोजन के गुणवत्ता से खिलवाड़ प्रतीत होता है । जिम्मेदार अधिकारियों को मरीज़ो के दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता का जाँच करने से कोई मतलब नहीं है और यह स्वंय के निविदा नियम का पालन न करा पाना कही न कही खंड चिकित्सा अधिकारी के कार्य मे लापरवाही या राजनीतिक दबाव के चलते नियमों का प्रतिसाद नहीं करवा पा रहे या भोजन प्रदाय करने वाली समूह का खाना इन अधिकारियों के घर में भी जाता हो यह भी एक कारण हो सकता है ।




### दो दोस्तों की मदद से उठी गरीब की बेटी की डोली

**भिलाई।** खुर्सीपार क्षेत्र के दो युवाओं की मदद से एक गरीब परिवार की बेटी का विवाह आसानी से हो गया। केनाल रोड जोन-2 खुर्सीपार में एक रिक्शा चालक की बेटी की शादी में आर्थिक दिक्कतें आ रही थी। ऐसे में स्थानीय निवासी जेडी खान और दीपक कुमार ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया। जिसमें दोनों दोस्तों ने राशन का सामान इस परिवार को उपलब्ध कराया।

# राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत 520 ग्रामों में लगे शिविर

**महासमुंद 15 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा का आयोजन इस माह 15 अप्रैल तक किया जाना है। इसी क्रम में यह अभियान 01 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। जिसमें जिले के कुल 520 ग्रामों में शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविरों में कुल 3849 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 3131 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया एवं 718 लंबित है। शिविरों में मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर समस्याओं का समाधान किया गया। राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण तथा पात्र हितग्राहियों को नामांतरण आदेश, सीमांकन पत्र, ऋण पुस्तिका, नक्शा प्रतिलिपि सहित अन्य आवश्यक राजस्व दस्तावेजों का वितरण किया गया।

# लोक गीतों पर आधारित संगीत कार्यक्रम 18 को

**रायपुर, 15 अप्रैल।** स्वर-सप्तक संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ी लोग गीत संगीत पर एक सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन हमरो पुछइया भइया कोनो नई हे गा, 18 अप्रैल को मुक्ताकाशी मंच में आयोजित करने जा रही है। जिसमें मुख्य रुप से गायक डॉ. छाया प्रकाश (बिलासपुर), ओमप्रकाश संतोष यादव (बिलासपुर), शिवानी बानी, ड़ॉ जावेद अली, गौरव गुप्ता (कवर्धा), कामिनि निषाद, मिनाक्षी केशरवानी (पेण्ड्रा) जयंत चौहान, भूमि सागर वैष्णवी रंगारी (राजनांदगांव)एवं रोली साहू पुराने छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में शुभांगी कुलदीप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक उदय दास ने जानकारी दी इस अवसर पर मुख्य अतिथि शशांक शर्मा (अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी) एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मदन चौहान, गुरूजी के द्वारा दाऊ रामचंद्र देशमुख सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सम्मानित होने वाले कला साधक सुरेश देशमुख (प्रथम उद्घोषक, चन्दैनी गोंदा) जयंती यादव (लोक गायिका) डॉ. कृष्णकुमार सिन्हा, संस्थापक, चक्रधर कत्थक, कल्याण केंद्र, राजनांदगांव, गरिमा दिवाकर, (लोक गायिका), पंडित विवेक शर्मा (गायक एवं संगीतकार), चंपा निषाद (लोक गायिका) को सम्मानित किया जाएगा।इस कार्यक्र के सूत्रधार सुरेन्द्र मानिकपुरी मंच संचालन प्रीति राजवैद्य एवं संगीत संयोजन चैन कुमार साहू करेंगे।

# पुलिस की संवेदनशीलता में आई कमी चिंताजनक सोशल मीडिया से बढ़े नए अपराध:जयंत थोरात

**रायगढ,15 अप्रैल।** इन्हीं मुद्दों पर रायगढ़ के पूर्व एसएसपी रहे,रिटायर्ड आईजी और साहित्यकार जयंत थोरात ने बीते रविवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान स्थानीय मीडिया से विशेष बातचीत में खुलकर अपनी राय रखी।उन्होंने साफ कहा कि पुलिस की संवेदनशीलता में आई कमी चिंता का विषय है,वहीं सोशल मीडिया ने अपराध की प्रवृत्ति को और जटिल बना दिया है।

थोरात ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सेवा के दौरान परिवार को पर्याप्त समय नहीं दे पाने का मलाल रहा, लेकिन अब वे साहित्य सृजन और पारिवारिक जीवन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के कारण नशा,ठगी और अन्य असामाजिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं,क्योंकि लोग नकारात्मक और सनसनीखेज चीजों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं।पुलिसिंग के बदलते स्वरूप पर पूर्व आईपीएस जयंत थोरात ने कहा कि पहले बेसिक पुलिसिंग के सिद्धांत मजबूत थे,लेकिन अब उनमें कमी दिखाई देती है।हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चारित्रिक दोष किसी व्यवस्था से अधिक व्यक्ति की परवरिश और मूल्यों पर निर्भर करते हैं।आम जनता के प्रति पुलिस के व्यवहार पर उन्होंने स्वीकार किया कि पुलिस के संवेदनशीलता में गिरावट आई है।इसके पीछे उन्होंने कार्य का अत्यधिक दबाव और बल की कमी जैसे कारणों को जिम्मेदार बताया। कस्टोडियल हिंसा पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं न केवल विभाग की छवि खराब करती हैं,बल्कि यह मानसिकता किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।साहित्य के क्षेत्र पर बात करते हुए थोरात ने कहा कि सरकार प्रयास तो कर रही है, लेकिन अपेक्षाओं के अनुरूप अभी और काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि उनकी रचनाएं मुख्यतः प्रकृति,रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित होती हैं,क्योंकि प्रशासनिक जीवन से अलग अब वे समाज के भावनात्मक पक्ष को शब्द देना चाहते हैं।पूर्व डीजीपी विश्वरंजन के निधन पर उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे एक अनुशासित और कुशल प्रशासक थे।चार सालों तक छ ग के डीजीपी रहे,जिनका विशेष योगदान बस्तर क्षेत्र में रहा।उनका निधन छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है, लेकिन उन्हें मरणोपरांत अपेक्षित सम्मान नहीं मिलना दुखद है।

### अच्छे साहित्य से जुड़ें युवा

युवाओं को संदेश देते हुए श्री थोरात ने कहा कि किताबें जीवन की सच्ची मित्र होती हैं।पढ़ने से विचारों में गहराई आती है और वही व्यक्ति के कर्म को दिशा देती है,इसलिए अच्छी पुस्तकों और साहित्य से जुड़ना जरूरी है।पूर्व आईजी जयंत थोरात ने जोर देकर कहा कि बदलते समय में पुलिस व्यवस्था को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उसकी मानवीय संवेदनशीलता को भी मजबूत करना बेहद जरूरी है,तभी समाज में विश्वास और संतुलन कायम रह सकेगा।

### पीएम मत्स्य संपदा योजना का लाभ उठाते हुए जमील ने मछलीपालन का किया विस्तार

**महासमुंद 15 अप्रैल।** जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी के प्रगतिशील मत्स्य कृषक श्री अब्दुल जमील ने अपनी मेहनत, लगन और दूरदर्शिता से मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ उठाते हुए मत्स्य पालन विभाग से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें विभिन्न मछलियों की प्रजातियों, उनके व्यवहार, गुणवत्ता, रोग एवं उनके उपचार की समुचित जानकारी मिली, जिससे उन्होंने अपने उत्पादन को बेहतर और टिकाऊ बनाया।जमील बताते हैं कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद जब उन्हें कोई उपयुक्त रोजगार नहीं मिला, तब उन्होंने छोटे स्तर पर मछली पालन कार्य की शुरुआत की। प्रारंभ में सीमित संसाधनों के साथ शुरू किया गया यह कार्य उनकी कड़ी मेहनत और ईमानदारी के बल पर निरंतर आगे बढ़ता गया।

# हत्या के फरार आरोपियों को पुलिस ने तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 अप्रैल।** भिलाई अण्डा थाना क्षेत्र से एक गंभीर वारदात सामने आई है, जहां मामूली आपसी विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार दोनों आरोपियों को महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी के खिलाफ धारा 103, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई ग्राम खाड़ा के स्कूल पारा में रहने वाले शम्भू निषाद उर्फ देवचरण, उम्र लगभग ( 45 साल ) अपने गांव आए हुए थे। इसी दौरान उनका गांव के ही संतोष कुमार यादव ( 44 साल ) और रोहित कुमार यादव ( 42 साल ) के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर शम्भू निषाद के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। हाथ-मुक्कों और लातों से की गई इस पिटाई में शम्भू को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया इस के बाद परिजनों की रिपोर्ट पर थाना अण्डा में हत्या का मामला दर्ज किया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत टीम गठित की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी घेराबंदी करते हुए पुलिस ने संतोष कुमार यादव को कुथरेल क्षेत्र से और रोहित कुमार यादव को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णय

**अंवरी, 15 अप्रैल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कांग्रेसजनों के स्वागत से हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष तारनी नीलम चंद्रकार संगठन को मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ बढ़ाने तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।ब्लॉक संगठन प्रभारी सूर्य राव पवार ने कहा

बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ कमेटियों एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटियों का गठन करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ें और संगठन को मजबूत करें।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लियाइस अवसर पर लेख राम साहू पूर्व विधायक, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, दीपक सोनकर, शारदा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष,भरत नाहर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, गोविन्द साहू पूर्व सभापति, जिला कांग्रेस के महामंत्री राजू साहू, डोमार साहू, डा मोहन हरदेल भारी संख्या में नई कार्यकारिणी की पूरी टीम एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं भारी संख्या मे उपस्थित रहें ।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा सशक्त प्रतिनिधित्व: शालिनी राजपूत

**कांकेर 15 अप्रैल ।** देश में महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जाएगा। इस अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे देशभर की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का समान अवसर मिलेगा।

इस महत्वपूर्ण पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इससे सभी वर्ग, समाज और जाति की महिलाओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने का अवसर मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगी।श्रीमती राजपूत ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त हैं और इस अधिनियम के लागू होने से उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विशेष रूप से महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ रही है।

# जनदर्शन में सुनी गई जनसामान्य की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 15 अप्रैल।** जिला कलेक्टोरेट में आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें लेकर पहुंचे। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने आमजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित जांच एवं निराकरण के सख्त निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड बनवाने, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, श्रमिक योजनाओं सहित अनेक विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाए।



जनदर्शन के दौरान गौशाला पारा रायगढ़ निवासी शालिनी सिंह ने वार्ड क्रमांक 14 स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने सूख चुके बरगद के पेड़ को हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पेड़ कभी भी गिर सकता है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर कलेक्टर ने तत्काल निगम आयुक्त को निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर अंतर्गत ग्राम पुसल्दा निवासी करमुराम भोय ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की द्वितीय किश्त की राशि अब तक प्राप्त न होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पात्र होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार तहसील लैलूंगा के ग्राम मड़िया कछार निवासी कुलेश्वर प्रसाद राठिया ने अपने पुत्र की सर्पदंश से हुई आकस्मिक मृत्यु के मामले में आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। मधुबन पारा रायगढ़ के सेवानिवृत्त कर्मचारी किशोर कुमार थवाईत ने लंबित अंतिम भुगतान दिलाए जाने की मांग रखी। वहीं ग्राम पंचायत बिंजकोट के ग्रामीणों ने जॉब कार्ड बनाए जाने तथा चेक डेम निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि नए परिवारों के लिए जॉब कार्ड बनना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही चेक डेम निर्माण से सिंचाई सुविधा बेहतर होगी और गांव में रोजगार सृजन भी संभव हो सकेगा। ग्रामीणों ने यह भी अवगत कराया कि चेक डेम निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में जनचौपाल के माध्यम से भेजा जा चुका है और प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु जिला पंचायत को भेजा गया है, किंतु अभी तक कार्य लंबित है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्रकरण की समीक्षा कर शीघ्र स्वीकृति एवं कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

# साहित्य भवन व सियान सदन को मिली अतिरिक्त भवनों की सौगात

**रायपुर, 15 अप्रैल।** कोरबा के घंटाघर स्थित पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन एवं वहीं पर स्थित सियान सदन को आज सुविधापूर्ण अतिरिक्त भवनों की सौगात प्राप्त हुई। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सवा 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित उक्त दोनों भवनों का लोकार्पण उनके करकमलों के द्वारा किया गया। इस मौके पर निगम के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पंकज देवांगन व राकेश वर्मा सहित नगर के वरिष्ठ नागरिकगण, साहित्य भवन के पदाधिकारी व साहित्यकार बंधु उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम के वार्ड क्र 24 सियान सदन परिसर में जिला खनिज न्यास मद से 23 लाख 65 हजार रूपये की लागत से अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, प्रसाधन कक्ष, बाउण्ड्रीवाल, पेवर ब्लाक बिछाने आदि का कार्य कराया गया है, इसी प्रकार उक्त वार्ड में ही स्थित पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन में विधायक मद से 17 लाख 60 हजार रूपये की लागत से हाल का निर्माण विस्तार कार्य व अन्य व्यवस्थायें की गई हैं। आज प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उक्त दोनों महत्वपूर्ण कार्यो का लोकार्पण उनके हाथों किया गया।



इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठजनों का आशीर्वाद हम सबके लिये सबसे बड़ा धन है, वह व्यक्ति अत्यंत भाग्यशाली है, जिसे बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद नित्य प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि जहॉं बुजुर्गो व वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाता है, उनकी सेवा की जाती है, उसी स्थान में शुभता का, सुख-समृद्धि का निवास होता है, हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने परिवार व समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करें, उनकी सेवा करें तथा निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज सियान सदन में नवनिर्मित अतिरिक्त कमरों को बुजुर्गो की सेवा में सौपा जा रहा है, उन्होने इस मौके पर नवनिर्मित अतिरिक्त भवन में ए.सी. लगवाये जाने व टी.व्ही.की व्यवस्था कराये जाने की भी घोषणा की, इसके साथ ही उद्योग मंत्री श्री देवांगन के आग्रह पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा सियान सदन के अतिरिक्त भवन की चाबी भी सियान सदन समिति को सौपी गई, वहीं उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बालको में सियान सदन निर्माण हेतु 10 लाख रूपये स्वीकृत किये जाने की घोषणा भी की। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने साहित्य भवन के अतिरिक्त भवन निर्माण की शुभकामना देते हुये कहा कि अब साहित्यकार बंधुओं के लिये अपने क्रियाकलापों हेतु स्थान की कमी नहीं रहेगी, जो दो अतिरिक्त कमरे निर्मित कराये गये हैं, उनमें बाहर से आने वाले साहित्यकार भाई-बहनों के रूकने ठहरने की व्यवस्था भी हो सकेगी, इस मौके पर उन्होने साहित्य भवन का पूर्ण नियंत्रण साहित्य समिति को देने के निर्देश भी दिये।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन निश्चित रूप से शुभ दिन है कि आज एक ओर जहॉं हमारे बुजुर्गो को उनके सियान सदन में अतिरिक्त कक्ष प्रसाधन व अन्य विकास कार्यो की सौगात मिली है, वहीं दूसरी ओर साहित्य भवन में नवनिर्मित हाल व अन्य विस्तार कार्य का लोकार्पण भी हुआ है, मैं इसके लिये साहित्यकार बंधुओं एवं अपने वरिष्ठजनों को बधाई देती हूॅ तथा उद्योग मंत्री श्री देवांगन को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूॅ, जिनके माध्यम से यह दोनों कार्य सम्पन्न हुये हैं।

## एक नजर

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम:रानी



**तिल्दा 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती रानी सौरभ जैन ने इसे देश की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। श्रीमती जैन ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और यह अधिनियम उसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाएं अब अधिक आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। अंत में श्रीमती रानी सौरभ जैन ने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए आगे आएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### सीईओ ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**रायपुर, 15 अप्रैल।** सरगुजा जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल ने लखनपुर के ग्राम बेलखरिखा में ग्राम पंचायत सचिव की अनाधिकृत अनुपस्थिति और लापरवाही पाए जाने पर तत्काल निलंबन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम करजी और बेलखरिखा में विकास कार्यों की समीक्षा की। करजी में निर्माणाधीन पंचायत भवन और आंगनबाड़ी भवन को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवासों को मई माह तक पूरा करने पर जोर दिया। बेलखरिखा में 'संपूर्णता अभियान 2.0' के तहत आयोजित जनसंवाद में उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। साथ ही अपूर्ण कार्यों को 15 दिनों में शुरू करने के निर्देश दिए।

### डबरी बनी किसान मधुसूदन की स्थायी आजीविका का आधार



**रायपुर,15 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है, जहां मनरेगा के तहत निर्मित आजीविका डबरियां किसानों की आय का मजबूत आधार बन रही हैं। इसी कड़ी में विकासखंड बगीचा के ग्राम पंचायत कुदमुरा निवासी किसान मधुसूदन ने अपनी कृषि भूमि पर डबरी का निर्माण कर न केवल सिंचाई की समस्या का समाधान किया, बल्कि स्थायी आय का स्रोत भी विकसित किया है। मनरेगा योजना के तहत लगभग 2.85 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस डबरी ने उनके जीवन में बदलाव लाया है। इस योजना की बदौलत एक ओर रोजगार उपलब्ध कराया, वहीं दूसरी ओर स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण भी सुनिश्चित हुआ है। डबरी बनने के बाद मधुसूदन ने इसके आसपास लगभग 80 डिसमिल भूमि में टमाटर, फूलगोभी और मिर्च जैसी उद्यानिकी फसलों की खेती शुरू की, जिससे उन्हें करीब 1.50 लाख रुपये की आय प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही डबरी में मत्स्य पालन कर वे प्रतिवर्ष लगभग 70 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। इस प्रकार वे सालाना करीब 2.20 लाख रुपये की अतिरिक्त आमदनी हासिल कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले में अब तक 480 आजीविका डबरियों का निर्माण किया जा चुका है। इन डबरियों का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में वृद्धि करना, सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना तथा मत्स्य पालन और बागवानी जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

# सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन साहू समाज की पहचान: इन्द्र साव

■ नगर साहू समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 14 अप्रैल।** नगर साहू समाज के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव, विधायक भाटापारा थे। वहीं जिला साहू संघ बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष सुनील साहू ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।अति विशिष्ट अतिथि चैतराम साहू पूर्व विधायक, रेवाराम साहू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य न्याय प्रकोष्ठ, दीनदयाल साहू पूर्व उपाध्यक्ष,जिला साहू संघ, संध्या साहू उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ, सुशील साहू, अनूपा साहू द्वय संगठन सचिव जिला साहू संघ थे। विशेष अतिथिगण - सुकृत साहू अधिवक्ता एवं घनाराम साहू द्वय संरक्षक नगर साहू समाज, चारों परिक्षेत्रों के अध्यक्षगण - दयालु राम साहू, रामसागर साहू, भरत साहू और कोमल साहू थे।

प्रातः 11 बजे भक्त शिरोमणि कर्मा माता की आरती के उपरांत शोभा यात्रा एवं भव्य बाइक रैली प्रारंभ हुई जिसमें सैकड़ो की संख्या में साहू बंधु झांकी के साथ निकले। नगर के अलग-अलग स्थानों में मां कर्मा के रथ का स्वागत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया जिसमे मारवाड़ी युवा मंच, प्रगतिशील सतनामी समाज, लाला धनेश साहू सब्जी किंग, भीम रेजिमेंट भाटापारा मुख्य थे। पटपर साहू समाज भवन में महाआरती संपन्न हुई उसके पश्चात प्रमुख चौक चौराहों से गुजरते हुए वापस साहू छात्रावास प्रांगण में समाप्त हुई।




मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक इन्द्र साव ने कहा कि साहू समाज की पहचान हजारों वर्ष पुरानी गौरवशाली इतिहास है द्य समाज की सबसे बड़ी विरासत श्रम है, ईमानदारी से किये गये परिश्रम से ही हमे सफ्लता मिलती इस बात को हमेशा ध्यान में रखने की आवश्यकता है। सर्व प्रथम सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करना समाज की बड़ी पहचान बनी है। उन्होंने युवाओं एवं मातृशक्तियों को समाज हित में आगे आने आह्वान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील साहू ने समाज से अपील करते हुये कहा कि समाज के हर व्यक्ति को हमें साथ लेकर चलना है , रेवाराम साहू ने कहा कि अनुशासित और संगठित समाज ही उन्नति कर सकता है , सुकृत साहू अधिवक्ता ने भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। इस कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने प्रसादी का आनंद भी लिया। नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने अध्यक्षकीय उदबोधन दिया एवं मंच संचालन अमृत साहू अमृतांशु ने किया। इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर साहू समाज के सचिव जीत नारायण साव ने किया।

इस अवसर पर इस गरिमामयी कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए नगर के पदाधिकारी - राजेश साहू अध्यक्ष, जीत नारायण साव सचिव, डॉ. हरिकिशन साहू कोषाध्यक्ष, नीरादेवी साहू, मनहरण साहू द्वय उपाध्यक्ष, तिलक साहू, प्रमिला साहू द्वय संगठन सचिव प्रमिला साहू संगठन सचिव, युवा प्रकोष्ठ पीतांबर साहू, प्रेम साहू, सहित सैकड़ों सामाजिक जनों ने योगदान दिया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्राओं ने किया थाने का भ्रमण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 15 अप्रैल।** स्वामी आत्मानंद स्कूल तिल्दा नेवरा केछात्राओं ने पुलिस थाना का भ्रमण किया। इस दौरानछात्राओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली को भी समझा और बड़े होकर देश की सेवा करने की भी प्रेरणा ली। छात्राओं ने काउंटर से लेकर मालखाना,बंदी गृह , लॉकअप, कम्प्यूटर रूम, थाना प्रभारी रूम को देखा और हथियार, वायरलेस सिस्टम, पुलिस सुरक्षा कवच, एफ्आईआर लिखने सहित अन्य जानकारी ली। इस मौके पर थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने छात्राओं को पुलिस कर्तव्य के बारे में जानकारी दी और उनका मार्गदर्शन किया छात्राओं को गुड टच-बैड टच के बारे में बता कर जागरूक किया अनैतिक व्यापार अधिनियम के कानूनी प्रावधानों पुलिस थानों में संचालित महिला डेस्क, परिवार परामर्श केंद्र, ऊर्जा डेस्क व निर्भया पेट्रोलिंग की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पाक्सो एक्ट के तहत नाबालिग बालिकाओं को व्यक्ति द्वारा घूरना, लगातार पीछा करना भी संज्ञेय अपराध है। इसकी रिपोर्ट थाने पर की जा सकती है माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बालक बालिकाओं व महिलाओं के साथ हिंसा के लिए दिए गए निर्देशों को भी बताया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्राओं के सवालों का जवाब देकर जिज्ञासाओं को शांत किया और थाने की विभिन्न कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। इसके अलावा ट्रैफ्कि नियम, महिला अधिकार समेत सुरक्षा के कई अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं से किसी के द्वारा भी प्रताड़ित किए जाने पर निर्भिक होकर स्कूल के सूचना बॉक्स में लिखकर देने की बात कही। प्राचार्य ने बताया स्कूली बच्चे पुलिस से मिलकर बेहद उत्साहित हैं । भ्रमण का आयोजन करने पर छात्राओं का मनोबल बढ़ता है व उनमें कुछ नया करने की जाग्रति पैदा होती है। इस मौके पर स्कूल के तोरण चक्रधारी एवं वेद प्रकाश साहू तथा स्टाफ ने भी पुलिस की जानकारियों को समझा।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त कदम नहीं उछाए तो खामियाजा जनता भुगतेगी : वीरेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र चंद्राकर ने खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि विभाग की लापरवाही के चलते लाखों-करोड़ों लोगों, खासकर बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि शहर में खुलेआम पैकेट में पैक खाद्य सामग्री बेची जा रही है लेकिन इनकी गुणवत्ता की कोई ठोस जांच नहीं हो रही है। छोटे-बड़े सभी दुकानों में अनगिनत कंपनियों के खाद्य उत्पाद बिक रहे हैं परंतु यह जांचने वाला कोई नहीं कि ये खाने योग्य हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि बाजार में गीला-सूखा हर तरह का खाद्य पदार्थ बिना किसी निगरानी के बेचा जा रहा है जिसका सीधा असर बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। डॉक्टर भी लगातार पैकेट फूड से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं इसके बावजूद खाद्य विभाग की उदासीनता चिंताजनक है। श्री चंद्राकर ने तंज कसते हुए कहा कि खाद्य विभाग सालभर कुंभकर्ण की नींद में सोया रहता है और केवल त्योहारों के समय अचानक सक्रिय होकर जांच अभियान चलाता है। उन्होंने इसे दिखावटी कार्रवाई बताते हुए कहा कि नियमित निगरानी का अभाव ही समस्या की जड़ है। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि आजकल फ्ल और सब्जियों में अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों का उपयोग हो रहा है।



बिना जांच के ये उत्पाद सीधे लोगों की थाली तक पहुंच रहे हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। श्री चंद्राकर ने सरकार से मांग की कि ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जाए और किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे न केवल खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुधरेगी बल्कि लोगों को हानिकारक केमिकल से भी राहत मिलेगी। उन्होंने मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर से कठोर कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना है कि जब तक कड़ी सजा का प्रावधान नहीं होगा तब तक इस तरह की गतिविधियों पर लगाम लगाना मुश्किल है। राजनांदगांव में उठे ये सवाल केवल एक शहर तक सीमित नहीं हैं बल्कि यह पूरे प्रदेश और देश के लिए एक चेतावनी है। यदि समय रहते खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो इसका खामियाजा आम जनता, विशेषकर बच्चों को भुगतना पड़ेगा।

### पीएम जनमन योजना से कोरवा परिवारों की बदली दुनिया

**रायपुर, 15 अप्रैल।** विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) वर्ग के समग्र विकास के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना सरगुजा जिले के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना ने उन परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है, जिनके लिए पक्के मकान का सपना कभी दूर की बात हुआ करता था। अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मलगवां खुर्द निवासी श्रीमती रनियारो बाई इसका उदाहरण हैं। कभी कच्चे और जर्जर घर में रहने को मजबूर यह परिवार आज पक्के मकान में सुरक्षित जीवन जी रहा है। रनियारो बाई बताती हैं कि पहले उनका घर मिट्टी का था, जिसकी छत से बरसात के दिनों में पानी टपकता था और गर्मी में घर असहनीय रूप से तपता था। सीमित आय के कारण वे कभी पक्का मकान बनवाने की कल्पना भी नहीं कर सकती थीं। उनके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

### बाबा साहेब की जयंती पर विजयनगर को मिली विकास की सौगात

**रायपुर,15 अप्रैल।** बलरामपुर जिले के विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत विजयनगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ग्रामवासियों को विकास की महत्वपूर्ण सौगात देते हुए 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। मंत्री श्री नेताम ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ केक काटकर जयंती की खुशियां साझा कीं। जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। हमारा देश सामाजिक, जातीय और धार्मिक विविधताओं से परिपूर्ण है, लेकिन बाबा साहेब द्वारा निर्मित सशक्त संविधान आज भी देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए हुए है। संविधान की सर्वोच्चता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसी के तहत देश के प्रत्येक नागरिक को समानता और न्याय का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब ग्रामीण अंचलों में सड़क, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता था। किंतु वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नीतियों एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

# पुलिस ने दो लोगों के पास से 73 किलो गांजा व 790 नशीली गोली जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 15 अप्रैल।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत नारकोटिक नेटवर्क पर लगातार बड़ी कार्रवाई की जा रही है। थाना तिल्दा-नेवरा के अपराध क्रमांक 41/26 में बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर आगे बढ़ी जांच में पुलिस ने उड़ीसा के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर ड्रग सप्लाई चेन की अहम कड़ी को पकड़ने में सफ्लता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 28 जनवरी 2026 को थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22, सासाहोली स्थित अटल निवास में रेड कार्रवाई की गई थी। इस दौरान महिला आरोपी मधु मिश्रा (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के कब्जे से 73 किलोग्राम गांजा, 790 नग प्रतिबंधित नाइट्रोसन टैबलेट, 1 लाख 87 हजार रुपए नकद, 6 मोबाइल फोन, 1 टैब और 3 बटनदार चाकू बरामद किए गए थे। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 41 लाख 75 हजार रुपए बताई गई थी।




इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार जांच में जुटी रही। गिरफ्तार महिला आरोपी से पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने उड़ीसा निवासी प्रणब कुमार नाईक और सफीकुल रहमान खान को इस पूरे नेटवर्क में संलिप्त पाया। इसके बाद तिल्दा पुलिस की विशेष टीम उड़ीसा रवाना हुई और कालाहांडी व नुवापाड़ा जिले में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ही मधु मिश्रा को गांजा और प्रतिबंधित नाइट्रोसन टैबलेट की सप्लाई करते थे।

**नशे के कारोबार में तिल्दा नेवरा अग्रणी:** कम समय में अत्यधिक पैसे के लालच में कुछ सफेद पोश लोग हीरोइन सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री कर रहे है इसमें 70प्रतिशत युवा ओर छोटे छोटे बच्चों को सूखा गांजा के पैकेट इलेक्ट्रानिक हुक्का एव नशीले पेय पदार्थ आसानी से मिल रहे है लोगों का मानना है कि पुलिस लगातार भारी मात्रा में गांजा पकड़ रही है लेकिन नशे के कारोबार में जो हर चौक चौराहों में युवा वर्ग को आसानी से मिल रहे पदार्थों को बिक्री करने वालों पर भी कार्यवाही करनी चाहिए नागरिकों ने नशे कारोबार में तिल्दा नेवरा अंचल के युवा वर्ग को बचाने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री साय 515 नई पैक्स समितियों का करेंगें वर्चुअल शुभारंभ

**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में सहकारिता को नई दिशा देने और किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग द्वारा 515 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का गठन किया गया है। इन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ कल 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना के स्वागत उद्बोधन से होगा एवं अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप प्रदेश में सहकारिता विस्तार की रूपरेखा एवं उसके लाभों पर प्रकाश डालेंगे। सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है कि नई पैक्स समितियों के गठन से किसानों को ऋण, खाद, बीज तथा अन्य कृषि सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी। इससे हमारे अन्नदाता किसानों को अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय व संसाधनों की बचत भी होगी। साथ ही किसानों को शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा तथा उनका लाभ सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और गांवों के समग्र विकास को गति मिलेगी। सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल छत्तीसगढ़ में सहकारिता तंत्र को सुदृढ़ करते हुए आत्मनिर्भर ग्रामीण-अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने उद्बोधन में राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और सहकारिता आधारित विकास मॉडल को रेखांकित करेंगे। छत्तीसगढ़ के सहकारी जनप्रतिनिधिगण, अपेक्स बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पैक्स सोसाइटी के प्रतिनिधि, सहकारिता विभाग के सम्भागीय संयुक्त पंजीयक, जिला उप पंजीयक तथा सहायक पंजीयक, अपेक्स बैंक व जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के अधिकारीगण वर्चुअल रूप से सीधे शुभारंभ कार्यक्रम से जुड़ेंगे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/ 60/ न.पा.नि./ लो.नि.वि./2025-26 बीरगांव, दिनांक 08/04/2026

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रान्तर्गत मरम्मत संधारण मद/ निकाय निधि अन्तर्गत ग्राम बीरगांव वार्ड क्रं. 20 से 27 में संचालित समस्त सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'ए' में छत्तीसगढ़ के पी.डब्लू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु (आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.04.2026 एवं निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30.04.2026) तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित है।

उपरोक्त कार्यों की अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** व संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

**!! ईश्तहार!!**

**रा.प्र.क्र.202604092100004 अ/6 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका राजकुमारी रजक पति अजय रजक जाति धोबी निवासी बुधवारी पारा वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ वार्ड नंबर 15 स्थित शीट क्रमांक 06 भूखंड क्रमांक 1746/2, 1746/3 में से क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 17/03/2026 को निष्पादित किया है। अतः उक्त भूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 24/04/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## एक नजर

### महिला आरक्षक की संवेदनशीलता

**रायपुर 15 अप्रैल।** तपती धूप सिर पर थी, कलेक्ट्रेट चौक पर जनसैलाब उमड़ा हुआ था शोर हलचल और उत्साह के बीच अचानक एक मासूम की सिसकियाँ उस भीड़ में अलग ही सुनाई दे रही थीं। इसी बीच डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नन्हा अर्णव अपने परिजनों से बिछड़ गया। घबराया हुआ, आंखों में आंसू लिए वह हर चेहरे में अपने मां-बाप को तलाश रहा था। तभी ड्यूटी पर तैनात नव आरक्षक कीर्ति नेताम की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने तुरंत स्थिति को समझा बिना एक पल गंवाए बच्चे को अपनी गोद में उठाया। ममता भरे स्पर्श और शांत शब्दों ने धीरे-धीरे अर्णव की रुलाई थाम दी। इसके बाद कीर्ति नेताम ने अपने साथियों के सहयोग से बच्चे के परिजनों की खोज शुरू की। भीड़ के बीच लगातार प्रयास रंग लाया कुछ ही समय में अर्णव अपने माता-पिता की बाहों में था। उस पल का दृश्य भावुक कर देने वाला था बच्चे के चेहरे पर लौटती मुस्कान, और माता-पिता की आंखों में छलकती राहत मानो भीड़ के बीच इंसानियत ने जीत हासिल कर ली हो। यह घटना आरक्षक की सिर्फएक ड्यूटी नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का जीवंत उदाहरण है जो यह बताती है कि वर्दी के पीछे एक संवेदनशील दिल भी धड़कता है।

### प्रबंधन की लापरवाही से वेदांता में हादसा: कन्हैया

**रायपुर 15 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने शक्ति जिले के वेदांता पॉवर प्लांट में हुए भीषण हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे प्रबंधन की खुली लापरवाही करार दिया है। उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले श्रमिक भाइयों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि मजदूरों की जान के साथ किया गया क्रूर खिलवाड़ है।
श्री अग्रवाल ने अपने बयान में कहा, सक्ती के वेदांता प्लांट में हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है। यह हादसा फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी और मुनाफे की अंधी दौड़ का नतीजा है। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों से स्पष्ट है कि सरकार और श्रम विभाग केवल मूकदर्शक बने हुए हैं। क्या मजदूरों की जान की कोई कीमत नहीं है? उन्होंने आगे कहा कि प्लांट में न तो पर्याप्त सुरक्षा ऑडिट कराया जाता है और न ही बिना ट्रेनिंग वाले मजदूरों की भर्ती पर कोई रोक है। शासन-प्रशासन की चुप्पी यह संकेत देती है कि उन्हें मजदूरों के पसीने और खून से कोई सरोकार नहीं है।

### वेदान्ता पावर प्लांट के मृतकों को श्रद्धांजलि 1-1 करोड़ मुआवजा देने की मांग



**रायपुर 15 अप्रैल।** नहर पारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा के नेतृत्व में वेदान्त पावर प्लांट के मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। आहूजा ने परिजनों को एक-एक करोड़ एवं घायलों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कंपनी से की है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, शंकर दानवानी, हरनाम तलरेज, हेमंत दाम पोपटानी, अमर बलेचा, तेज सिंग जंघेल, राजू, खिलनानी, शुभम पाठक, विजय खिलनानी, सोहन क्षत्री, मनीष टांक, मनोहर खुर्शीजा, आदि ने श्रद्धांजलि दी ।

### 'मैनिफेस्टेशन' पर सत्र का आयोजन

रायपुर 15 अप्रैल। यंग इंडियंस ने मैनिफेस्टेशन विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया, जिसमें वक्ता काव्याल सेढ़ानी ने अपने विचार साझा किए। इस सत्र में 120 से अधिक उत्साही सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व यी रायपुर के नेतृत्वकर्ता, चेयर पंकज सोमानी एवं कावित पासरी ने किया, जो लगातार चैप्टर के लिए प्रभावशाली पहल कर रहे हैं। सत्र के दौरान काव्याल सेढ़ानी ने अपने अनुभवों के आधार पर बताया कि किस प्रकार विचारों, कार्यों और इरादों के सही समन्वय से अपने सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर देते हुए यह भी बताया कि अक्सर लोग अपनी क्षमता को कम आंकते हैं। रोचक उदाहरणों और व्यावहारिक दृष्टांतों के माध्यम से उन्होंने प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच अपनाने, निरंतर प्रयास करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। उनका सत्र उपस्थित सभी सदस्यों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। वायआई रायपुर युवा नेताओं को सशक्त बनाने और उनके समग्र व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे मंच उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है।

# टैक्स न चुकाने पर 8 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर सील

**रायपुर 15 अप्रैल।** रायपुर नगर पालिक निगम जोन 8 के राजस्व विभाग ने विगत कई वर्षों से बकाया राशि जमा नहीं कर रहे वार्ड 1 एवं 2 क्षेत्र के 8 बड़े बकायादारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनके संबंधित 8 व्यवसायिक परिसरों को तत्काल सीलबंद कर दिया।

रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त राजस्व कृष्णा खटीक, उपायुक्त राजस्व जागृति साहू तथा जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देशानुसार, नगर निगम जोन 8 सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के मार्गदर्शन एवं राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक सर्वश्री नरेंद्र ठाकुर, खगेंद्र सोनी, राम कुमार औसर की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई।

नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 और पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 क्षेत्र में 8 बड़े बकायादारों द्वारा कई वर्षों से बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी। निगम द्वारा डिमांड बिल, डिमांड नोटिस और अंतिम नोटिस जारी किए जाने के बाद भी भुगतान नहीं करने पर अभियान चलाकर संबंधित परिसरों में ताला



लगाकर सीलबंदी की कार्रवाई की गई।

जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल एवं सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल ने बताया कि वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 में 91,572 रुपये के बकायादार रामपाल लहरी, 91,572 रुपये के बकायादार सुकलहीन लहरी, 2,05,000 रुपये के बकायादार मो. अब्दुल कलाम, 4,00,389 रुपये के बकायादार बलविंदर सिंह, 77,859 रुपये के बकायादार ओमप्रकाश तिवारी तथा 2,05,879 रुपये के बकायादार अंकित साव के परिसरों को सीलबंद किया गया।

इसी प्रकार पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 में 5,07,539 रुपये के बकायादार निखिल ट्रेडर्स और 8,36,874 रुपये के बकायादार संतोषी देवी/रामनिवास के व्यवसायिक परिसरों में भी ताला लगाकर सीलबंदी की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई नगर निगम जोन 8 राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर की गई।

# विवाह योग्य ब्राह्मण युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन

**रायपुर 15 अप्रैल।** ब्रह्मभट्ट श्रेष्ठ ब्राह्मणों की वो शाखा है जिसके पास शस्त्र और शास्त्र दोनों होता है। वे माता सरस्वती के मानद पुत्र माने जाते हैं। उपरोक्त उद्गार समाज की बेटी एवं छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने ब्रह्मभट्ट ब्राह्मणों के द्वारा पुरानी बस्ती महामाया मंदिर सत्संग भवन में आयोजित सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज जमाना संख्या बल का है और ऐसे में सभी ब्राह्मणों को आपसी भेद भुला कर एक होना चाहिए, तभी प्रजातंत्र में आप अपनी उपस्थिति कायम रख सकते हैं।

कार्यक्रम में 47 वैवाहिक बायोडाटा आया इनमें गोरखपुर, उमरिया, बालाघाट, नागपुर, जमशेदपुर सहित पूरे प्रदेश से बायोडाटा प्राप्त हुए। सम्मेलन में ब्रह्मभट्ट, सरयूपारी तथा उत्कल ब्राह्मणों के विवाह योग्य युवय-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिनका परिचय समाज से करवाया गया। मंच में पहले सम्मेलन में जुड़े रिश्ते वाले युगल को भी मंच से संबोधन करने को आमंत्रित किया गया। मात्र एक महीने की तैयारी में किए गए इस सफल आयोजन के लिए ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष राकेश भट्ट ने कार्यक्रम के संयोजक नितिन शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्यों और जिला पदाधिकारियों का आभार मानते हुए




बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा भट्ट, ज्योति भट्ट और नितिन शर्मा ने किया, जबकि पंजीयन में प्रमोद ब्रह्मभट्ट व मनीष भट्ट थे। भोजन व्यवस्था विकास ब्रह्मभट्ट व राजकुमार पांडेय ने सम्हाला। पूजा की व्यवस्था रीना शर्मा और राजेश शर्मा ने सम्हाली इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में मनु शर्मा, प्रगति शर्मा, मनोज शर्मा, राघवेन्द्र पाठक और रवि शर्मा शामिल थे। वहीं 36 गढी ब्राह्मण केंद्रीय समिति के विनय तिवारी एवं साथियों ने व्यवस्था में सराहनीय सहयोग दिया। कार्यक्रम में सभी प्रमुख ब्राह्मण संगठनों का स्वागत व सम्मान किया गया।

सर्व ब्राह्मण वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन में उत्कल मित्र मंडल की बहनों का सम्मान हुआ। सम्मानित होने वाली बहनों में निवेदिनता मिश्रा, रोशनी त्रिपाठी, दीपा पंडा, दिव्या मिश्रा, कविता पंडा तथा मधु सामन्तराय प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

## बाबा साहेब समता, समरसता एवं न्याय के परम हिमायती थे: अशोक बजाज




**रायपुर 15 अप्रैल।** आज़ाद भारत के संविधान निर्माण की अहम जिम्मेदारी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को इसलिए दी गई क्योकिं वे समता, समरसता एवं न्याय के हिमायती थे. उनके द्वारा बनाया गया संविधान हर नागरिक के लिए गीता, बाइबिल और कुरान की तरह पवित्र है अतः इसका सम्मान और पालन करना हम सबका कर्तव्य है. उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट एवं मंडल भाजपा के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में मौलिक अधिकार का प्रावधान किया तथा कर्तव्य का भी बोध कराया। श्री बजाज ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित बनने की प्रेरणा दी थी, इसी वजह से शिक्षा का प्रकाश आज सुदूर गावों तक पहुँच सका है. श्री बजाज ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चम्पारण चौंक स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हर भारतीय की सेवा करना भाजपा का संकल्प : अंजय शुक्ला

**रायपुर 15 अप्रैल।** आज गांव चलो अभियान के तहत धरसींवा मंडल के ग्राम धरसींवा व परसतराई, तथा तिल्दा मंडल के ग्राम सरोरा व सड्डू में सघन जन संपर्क केन्द्र और राज्य सरकार के योजनाओं व नीतियों का प्रचार प्रसार एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान सम्पन्न हुआ एवं श्री अंजय शुक्ला जी ने प्रसिद्ध महापुरुष ज्योतिबा फुले जी का भी स्मरण किया एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यो जैसे बालिकाओं का प्रथम स्कूल, सत्यशोधक समाज की स्थापना को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासियों के साथ स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर साफसफाई किया तथा लाभार्थियों से भेंट करते हुए नगर भ्रमण किया। एवं स्वामी विवेकानंद जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर साफ सफाई किया।

आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक गण एवं पदाधिकारी गण श्री अंजय शुक्ला जी उपाध्यक्ष ( छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड), राकेश यादव (मंडल अध्यक्ष धरसीवां), कौशल साहू




(मंडल उपाध्यक्ष धरसीवां), किरन साहू (मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा), मोहम्मद युनुश (जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण अल्पसंख्यक मोर्चा), डॉ कृष्ण कुमार वर्मा (जिला महामंत्री किसान मोर्चा), फजील खान (मंडल अध्यक्ष अपलसंख्यक मोर्चा), श्रीमती लीला ललित साहू (जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा), ललित साहू (उपसरपंच धरसीवां),श्रीमती अंजनी प्रकाश निषाद (सरपंच परसतराई) , साथी पत्रकार हेमंत वर्मा, चंद्रकांत साहू बूथ अध्यक्ष, रवि साहू, हरि निषाद, कुलेश्वर साहू, श्रीमती केसर साहू, उषा गोस्वामी ,सड्डू एवं सरोरा से डॉ शोभित रायपुर जिला ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष, मिलेंद्र वर्मा, कृष्णा वर्मा, बिहारी लाल वर्मा पूर्व सरपंच, राजीव साहू बूथ अध्यक्ष, अनिल अग्रवाल, शत्रुघन यदु (अन्य पिछड़ा वर्ग का उपाध्यक्ष रायपुर जिला), नंदू साहू (सरपंच सड्डू), टिकेश्वर नीलमरकार उपसरपंच सड्डू, गौकरण साहू, शेखर वर्मा, टीकम वर्मा, शामिल हुए।

## वेदांता प्लांट की घटना पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने जताई गहरी चिंता

**रायपुर 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सक्ति जिला स्थित वेदांता प्लांट में हुई घटना पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, और घायलों के शीघ्र ईलाज की बात कही है, परिजनों को ईश्वर इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें, इस आसमायिक दुर्भाग्यजनक घटना में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने घटना की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल सक्ति जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर विस्तृत चर्चा की, अधिकारियों से घटना के कारणों और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि, वेदांता की घटना गहन जांच का विषय...डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि इस घटना में अब तक 9 लोगो की मौत और 50 से अधिक लोग घायल है। यह पूरी तरह से वेदांता प्रबंधन की घोर लापरवाही का नतीजा है। डॉ महंत ने कहा, उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



# वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अंधविश्वास को भगाएं: दिनेश मिश्र

**रायपुर 15 अप्रैल।** अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य करने की जरूरत है.जिससे समाज से विभिन्न सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वासों का निर्मूलन हो सके.श्री दावड़ा विश्वविद्यालय में अंधश्रद्धा के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित की गई

जिसमें अंधश्रद्धा निर्मूलन व वैज्ञानिक दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान देते हुए जिसमें डॉ. दिनेश मिश्र ने सामाजिक कुरीतियों के वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा ÷वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं, अंधविश्वास दूर भगाएं.

डॉ. दिनेश मिश्र ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा विज्ञान की शिक्षा, एवं प्रौद्योगिकी के कारण देश में वैज्ञानिक उपलब्धियां बढ़ रही हैं शिक्षा के क्षेत्र में भी तकनीक का प्रभाव बढ़ है ऑन लाइन, पढ़ाई,इंटरनेट से वर्क फ्रॉम होम का भी चलन कोरोना काल से पर्याप्त विकसित हुआ है पर उसके बाद भी देश में अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के कारण अक्सर अनेक निर्दोष लोगों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है,जिससे निदान के लिए आम जन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास की अत्यंत आवश्यकता है. इसलिए विज्ञान पढ़ें, तर्क करें,समझें, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाये.

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा चर्चा, तर्क और विश्लेषण वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है.वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सम्बंध तर्कशीलता से है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारे अंदर अन्वेषण की प्रवृत्ति विकसित करता है,तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करता है, इस लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हमारे संविधान का महत्वपूर्ण अंश है .

वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार वही तथ्य ग्रहण करने योग्य है जो प्रयोग और परिणाम से सिद्ध की जा सके. गौतम बुद्ध ने भी कहा है किसी भी सुनी सुनाई बात पर भरोसा मत करो, अवलोकन करो, परीक्षण करो,जब सही लगे तब उसे मानो.न कि अंधविश्वास में पड़ो.

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा आज भी कुछ लोग अंधविश्वास के कारण हमेंशा शुभ-अशुभ के फेर में पड़े रहते है।

**PICTURE-स्टोरी**




**रायपुर 15 अप्रैल। डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर शहर के संयोजक बृजेश अग्रवाल ने समरसता भोज का आयोजन शंकर नगर दुर्गा मैदान में किया।**

**आयोजन** — ग्रीष्म ऋतु के पूर्व भूजल संरक्षण की आवश्यकता पर दिया बल

# कुओं का पुनर्भरणः भूजल संकट पर तकनीकी व्याख्यान

**रायपुर 15 अप्रैल।** द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र, रायपुर एवं जीईसी-एनआईटी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में कुओं का पुनर्भरणः भूजल संकट का समाधान विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन गोल्डन टॉवर, एनआईटी परिसर रायपुर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित, प्रबंध निदेशक, एफ्एसएनएल प्रा. लि., भिलाई थे। मुख्य वक्ता के रूप में जी. डी. रामटेके, पूर्व अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अभियंता पुनीत चौबे, अध्यक्ष द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र, रायपुर के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व भूजल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। जी ई सी एन आई टी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चितलांगिया ने अपने संबोधन में बताया कि दो प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थाओं के संयुक्त प्रयास इंजीनियरिंग समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।



मुख्य वक्ता जी. डी. रामटेके ने अपने प्रस्तुतीकरण में भूजल स्तर बढ़ाने हेतु पुनर्भरण कुओं की आवश्यकता समझाई। उन्होंने विभिन्न आकारों के कुओं की निर्माण प्रक्रिया, आवश्यक सामग्री जैसे धातु, रेत एवं ईंटों की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इन कुओं के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बालोद ज़िले से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाजहित से जुड़े विषयों पर इंजीनियरों के बीच सार्थक चर्चा बेहतर तकनीकी समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। कोमल पारख , सचिव जी ई सी एन आई टी रायपुर एलुमनी एसोसिएशन ने अतिथियों का परिचय दिया एवं अपने विचार साझा किये।

कार्यक्रम में कैलाश धर दीवान, पूर्व अध्यक्ष हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, वी. के. कास्सू, पूर्व अध्यक्ष आईईआई छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र, डॉ. विपिन दुबे, हाइड्रोजियोलॉजिस्ट एवं जल संरक्षण विशेषज्ञ, अभियंता के. के. वर्मा, पूर्व मुख्य अभियंता सीएसईबी, प्रकाश उपाध्याय, पूर्व मानद सचिव सहित बड़ी संख्या में एलुमनी एवं आईईआई सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन डॉ. के. के. घोष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# श्री सीमंधर स्वामी जन्मोत्सव पर पालना झुलाया

**रायपुर 15 अप्रैल।** सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में जैन साध्वी श्री स्नेहयशा श्री जी की सुशिष्या श्री सिद्धांतनिधि श्री जी ने महाविदेह क्षेत्र में विचरण कर रहे तीर्थंकर सीमंधर स्वामी के जन्म का वांचन किया । श्री सीमंधर स्वामी के पालना जी का लाभ मूलचंद संतोष सरला बैद रायपुर वालों ने लिया । श्री सीमंधर स्वामी जन्मोत्सव पर थाली बजाकर राजेश करुणा सिंघी परिवार ने सकल श्रीसंघ को बधाई दी । जिनालय का सभामंडप में सभी श्रद्धालुओं ने एकदूसरे को भगवान के जन्मकल्याणक की बधाई दी । तीर्थंकर परमात्मा जब मातारानी के गर्भ में आते हैं तब माता 14 श्रेष्ठ स्वप्न देखती हैं । जैन धर्म में 14 स्वप्नों का विशेष महत्व है । 14 स्वप्नों , कल्पवृक्ष व भगवान के पालना जी की बधाने का लाभ लेने भक्त उत्साहित थे । तीर्थंकर की माता द्वारा वर्णित 14 महास्वप्नों को बधाने व पूजा का लाभ लेने वाले परिवार निम्नानुसार हैं , वृषभ - महेन्द्र



कुमार तरुण कुमार मानस गौरव कल्प गर्वित प्रेरित कोचर , हस्ती - मूलचंद संतोष सरला बैद , सिंह व महालक्ष्मी जी - वर्धमान वर्तिका वैभव चोपड़ा , पुष्पमाला - दिनेश रोहित सुराणा , चन्द्रविमान - राजेश करुणा सिंघी , उदय होता सूर्य - प्रकाशचंद सुराना इन्द्रध्वजा व कुम्भकलश - वर्धमान वर्तिका वैभव चोपड़ा , पद्म सरोवर - पुष्पा देवी मनोज कविता कोठारी , क्षीरसागर

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26